

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार, 05 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-007 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 06 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112







### मां दंतेश्वरी से आशीर्वाद लेकर आया हूं

# अगले चैत्र नवरात्र तक लाल आतंक का सफाया : शाह

**दंतेवाड़ा,5 अप्रैल**

बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति से देश-दुनिया को परिचित कराने के लिए आयोजित बस्तर पंडुम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिना लाग-लपेट के सीधे नक्सलवाद पर प्रहार किया. उन्होंने कहा कि आज मैं मां दंतेश्वरी से आशीर्वाद लेकर आया हूं कि अगले चैत्र नवरात्रि तक यहां से लाल आतंक समाप्त हो जाए, और हमारा बस्तर खुशहाल हो. आयोजन में बड़ी संख्या में जुटे आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस साल 'बस्तर पंडुम' बस्तर के उत्सव के रूप में मनाया गया है. लेकिन मैं मोदी जी का संदेश लेकर आया हूं. अगले साल बस्तर पंडुम - यही नाम के साथ देश के हर आदिवासी जिले से कलाकारों को हम यहां लाएंगे. यही नहीं हम बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने के लिए दुनियाभर के राजदूत जो राजधानी में हैं, उनको बस्तर में लाकर हमारी परंपराओं को, संस्कृति को और आदिवासी बच्चों की कला को पूरे विश्व में पहुंचाने का काम भाजपा की सरकार करेगी. 12 मार्च से लेकर आज तक जिला प्रशासन और संस्कृति विभाग ने पांच करोड़ का आवंटन किया है, जो सबसे पहला इतना बड़ा संस्कृतिक आयोजन है. स्थानीय कला और संस्कृति, पारंपरिक लोककलाएं, शिल्प, तीज-त्योहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक गीत-संगीत, व्यंजन, पेय पदार्थ - इन सभी को मूल रूप में संवर्धित और संरक्षित करने का काम यह पंडुम करेगा.

### जहां गोली की आवाज आती थी, वहां स्कूल की घंटी सुनाई देती है: सीएम साय

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, माता की पूजा कर संकल्प लिया है कि नक्सलवाद को खत्म करना है। 15 महीने से सरकार में हैं। डबल इंजन की सरकार है। गृहमंत्री के मार्गदर्शन में सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों से लड़ाई लड़ रहे हैं। नक्सली जब समाप्त हो जाएंगे तब देश-दुनिया के लोग यहां आएंगे। ओडिशा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, समेत अन्य राज्यों के 27 हजार कलाकार बस्तर पंडुम में शामिल हुए हैं। हम मोदी की गारंटी पूरी कर रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग हैं उनके लिए पीएम जनमन योजना की शुरुआत की है। जिसके लिए सड़क बिजली पानी सब उन लोगों तक पहुंच रही है। जहां भी सुरक्षा कैंप खुले हैं जहां पहले गोलियों की आवाज आती थी वहां अब स्कूल की घण्टियों की आवाज आ रही है।

### आने वाले 1 साल में बस्तर लाल आतंक से मुक्त होगा: विजय शर्मा

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आने वाले 1 साल में बस्तर लाल आतंक से मुक्त होगा। गृहमंत्री अमित शाह लौह पुरुष हैं। उन्होंने संकल्प लिया है कि बस्तर से नक्सलवाद का खात्मा किया जाएगा। बस्तर के इस कार्यक्रम में सभी जनजातियों के विभिन्न पारंपरिक और सांस्कृतिक परंम्पराओं को लेकर आए हैं। इसी को लेकर बस्तर पंडुम का आयोजन हुआ। 32 जनपद, 7 जिलों में आयोजन हुआ। अब संभाग स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। आज का यह कार्यक्रम विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इतनी विविधताएं लेकर एक कार्यक्रम हुआ है। बस्तर पंडुम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। बस्तर के गांव नौ जवान विश्व पटल पर सामने आकर अपने मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। बस्तर और देश से नक्सलवाद का खात्मा किया जाएगा। जिसके बाद बस्तर पूरे विश्व में बदलता दिखेगा।



### धोती-कुर्ता में नजर आये अमित शाह

**जगलपुर,5 अप्रैल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं. आज अपने दौरे के दूसरे दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस्तर में हैं. उन्होंने मां दंतेश्वरी के दर्शन किए. इस दौरान वह धोती-कुर्ता पहने नजर आए. मां का आशीर्वाद लेने के बाद अमित शाह बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं. यहां उन्हें माला और गौर मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया गया. यहां पर वह बस्तर के पारंपरिक ड्रिंक्स और फूड्स का स्वाद भी चखा।

## भारत-श्रीलंका ने किए सात समझौतों पर हस्ताक्षर

**कोलंबो,5 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शनिवार को श्रीलंका में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, क्योंकि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में द्वीप राष्ट्र की अपनी पहली यात्रा शुरू की। दोनों देशों ने हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंताओं के बीच रक्षा, ऊर्जा, डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और व्यापार क्षेत्रों में सात समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पिछले साल श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के पदभार संभालने के बाद से यह पीएम मोदी की पहली यात्रा है और 2024 में दिसानायके के कार्यकाल की शुरुआत के बाद से किसी भी विदेशी नेता की यह पहली यात्रा है। यह दिसानायके की दिसंबर में भारत यात्रा के बाद भी हो रही है - पदभार संभालने के बाद से उनकी पहली राजकीय यात्रा। इस यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने 2022 के आर्थिक संकट से जूझ रहे द्वीप राष्ट्र के पुनर्निर्माण में मदद करने की भारत की पहल को आगे बढ़ाया। श्रीलंका को संकट से उबारने के लिए 4 मिलियन अमरीकी डॉलर प्रदान करने के बाद, भारत ने ऋण पुनर्गठन और ऋणों पर ब्याज दरों को कम करने में द्वीप राष्ट्र की मदद जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 6 महीनों में हमने 100 मिलियन से ज़्यादा के लोन को अनुदान में बदला है। हमारा द्विपक्षीय ऋण पुनर्गठन समझौता श्रीलंका के लोगों के लिए तत्काल मददगार साबित होगा। आज हमने ब्याज दरें कम करने का भी फ़ैसला किया है। यह दिखाता है कि आज भी भारत श्रीलंका के लोगों के साथ खड़ा है।



पूर्वी राज्यों के विकास के लिए लगभग 2.4 बिलियन लंकाई रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब तमिलनाडु ने श्रीलंका से कच्चातीवु को वापस लेने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया है जो कि 285 एकड़ के द्वीप पर मछली पकड़ने के अधिकार को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के कारण राज्य के मछुआरों के लिए एक भावनात्मक मुद्दा है।

## लड़कियों के गैंग ने सहेली पर किया हमला

**रायपुर,5 अप्रैल।** राजधानी रायपुर में युवकों का गैंगवॉर तो आम बात है. लेकिन अब राजधानी रायपुर में युवतियों के एक गैंग ने अपनी ही सहेली के घर जाकर उसके साथ जमकर मारपीट की और पीड़िता का दावा है कि उसे पंच (मुक्का) भी मारा. इस पूरे मामले में पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 5 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. दरअसल राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भावना नगर में एक फैशन डिजाइनर युवती के साथ घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है. घटना 3 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे की बताई जा रही है, जब पीड़िता अपने घर पर नहाने गई थी. पीड़िता, जो मूलतः ओडिशा के बोलांगीर जिले की रहने वाली है और पिछले सात वर्षों से रायपुर में रहकर फैशन डिजाइनिंग का कार्य कर रही है, ने खम्हारडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई है. उसने बताया कि पिछले एक माह से वह ईशा जांगड़े के मकान में किराए पर रह रही है. शिकायत के अनुसार, घटना के दिन पीड़िता की सहेली कोमल जैन ने फोन कर कपड़े लेने की बात कही. उस समय पीड़िता पार्लर में थी, इसलिए उसने कोमल को घर आने से मना कर दिया और शाम करीब 6 बजे वह घर लौटी. नहाने से पहले उसने अपनी पांच सोने की अंगूठियां टी-टेबल पर रख दी थीं. इसी दौरान उसकी एक अन्य सहेली चंचल आहूजा घर पर मौजूद थी. नहाने के दौरान अचानक दरवाजे पर दस्तक हुई. चंचल ने दरवाजा खोला, तो अलिशा राजपूत, अलिशा मेहता, दिव्या धुरेजा, मंजू द्विवेदी, कोमल जैन और रानी साहू घर में घुस आईं. पूछताछ के बाद दिव्या धुरेजा ने बाथरूम का दरवाजा लात मारकर खोल दिया और पीड़िता से उसकी एक अन्य सहेली आएशा राव के बारे में सवाल करने लगी.

### नक्सलियों ने बीजापुर में जलाया टॉवर

**बीजापुर,5 अप्रैल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के दौरान बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक कायराना करतूत को अंजाम दिया। बीजापुर के चिन्नाकवाली क्षेत्र में नक्सलियों ने एक मोबाइल टॉवर को आग के हवाले कर दिया। यह हमला उस समय हुआ जब सुरक्षा बलों ने हाल ही में दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर एक मुठभेड़ में 16 नक्सलियों को मार गिराया था।

## 86 नक्सलियों ने छोड़ा हिंसा का रास्ता

**कोठागुडेम,5 अप्रैल।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच नक्सल मोर्चे से एक बड़ी खबर सामने आई है। तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में 86 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से अधिकांश छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने कोठागुडेम के हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर मल्टी जोन-1 के आईजी चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 66 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी माओवादी लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे हैं। आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि इन



सभी ने तेलंगाना सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत आत्मसमर्पण किया है। सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की है। बताया जा रहा है कि यह आत्मसमर्पण ऐसे समय पर हुआ है जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर में नक्सल विरोधी गतिविधियों की समीक्षा कर रहे हैं। यह घटनाक्रम सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, जिससे क्षेत्र में शांति बहाली की उम्मीद और भी मजबूत हो गई है। इससे पहले बीते शुक्रवार को लाखों रुपयों के इनामी तीन पुरुष और एक महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया था।

### मनोज कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**मुंबई,5 अप्रैल।** हिंदी सिनेमा के मशहूर दिग्गज एक्टर मनोज कुमार का अंतिम संस्कार गया है. दिग्गज एक्टर अब पंचतत्व में विलीन हो गए हैं. उनके बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दे दी है. 87 साल की उम्र में मनोज कुमार का निधन हो गया है. एक्टिंग के अलावा, वह एक फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक, गीतकार और संपादक भी थे. वह 2-3 हफ्ते से डीकंपेंसेटेड लिवर सिरोसिस नामक बीमार से जूझ रहे थे और कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती थे. यहीं इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया है. बता दें कि विले पार्ले के नानावटी अस्पताल के सामने पवन हंस श्मशान घाट में मनोज कुमार का अंतिम संस्कार कार्यक्रम पूरा हुआ है. राजकीय सम्मान के साथ उन्हें सभी ने अलवीदा कह दिया है. करीब 10 बजे के आस-पास मनोज कुमार का पार्थिव शरीर मुंबई के कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल से उनके घर लाया गया था.वैसे आपको बता दें कि मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गोस्वामी और उनका जन्म 1937 में हुआ था.

### वक्फ बिल को लेकर मस्जिदों में तकरीर पर रोक

**रायपुर,5 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज के अनुसार वक्फ बिल को लेकर किसी भी तरह की टिप्पणी से बचने के लिए मुतवल्लियों को निर्देश जारी किए गए हैं। वह बिल में बदलाव को लेकर नमाज के बाद तकरीर में उसके पक्ष या उसके विपक्ष में किसी भी तरह की चर्चा नहीं करेंगे। मस्जिद में नमाज के बाद सिर्फ धार्मिक विषय पर तकरीर हो सकती है। नवंबर 2023 में ही बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने मस्जिदों में किसी भी तरह के बाहरी मसले पर चर्चा पर रोक लगा दी थी। मुतवल्लियों को सिर्फ धार्मिक तकरीर करने की ही इजाजत है। सलीम राज के अनुसार वक्फ बिल संसद में पास हो चुका है। आसान शब्दों में समझिए कि एक तरह से यह कानून है, कानून का पालन सभी को करना है। इस वजह से मस्जिदों में यह निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की तरफ से मस्जिदों के इमाम को यह स्वतंत्रता है कि वह धार्मिक विषयों पर तकरीर करें।




# उच्चस्तरीय शहरों के रूप में होगी रिसाली की पहचान
# महापौर शशि ने प्रस्तुत किया 211 करोड़ का बजट




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली,5 अप्रैल।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने शुक्रवार को दो सौ ग्यारह करोड़ का 2025-26 के लिए बजट प्रस्तुत की। महापौर के 15 मिनट के बजट अभिभाषण प्रस्तुत करने के बाद सभापति केशव बंछोर के विशेष सभा में बजट संकल्प पारित कराया। अभिभाषण के बाद नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने चर्चा की शुरूआत की। महापौर शशि सिन्हा ने अपने बजट अभिभाषण में कहा कि शहर में अपनी उदयगामी पहचान दिलाने में हमारे सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, मितानिन बहनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। हम रिसाली को उच्च स्तरीय शहरों के रूप में पहचान दिलाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि विकास का न कोई धर्म होता है न ही कोई जाति और ना ही कोई राजनैतिक दल, बल्कि विकास एक ऐसी धारा है जो हर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की मूल विचार धारा होती है। इस वर्ष भी हम नागरिकों को ध्यान में रखते हुए कर में बढ़ोत्तरी नहीं कर रहे है। नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए महापौर ने बजट अभिभाषण में ऑडिटोरियम निर्माण करने की बात कही। बजट के लिए बुलाए गए विशेष सभा में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, विधायक प्रतिनिधि अनुपम साहू, महापौर परिषद के सदस्य जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, संजू नेताम, ममता यादव, डॉ. सीमा साहू, समेत पक्ष-विपक्ष के पार्षद और अधिकारीगण उपस्थित थे।

### गर्भगृह में बैठे एमआईसी सदस्य

भोजन अवकाश के बाद सभापति केशव बंछोर ने सामान्य सभा में रखे एजेंडे पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया। दरअसल पार्षद चन्द्रभान ठाकुर एजेण्डा को सदन में रखे जाने के दौरान ही निगम के वित्तीय स्थिति और निगम मद की जानकारी मांगी। प्रभारी आयुक्त कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे द्वारा आय-व्यय की विस्तृत जानकारी देने के बाद पार्षद चन्द्रभान ने यह कहते इस बात पर अड़ गए कि एस.एल.आर.एम. सेंटर की निविदा फिर से बुलाया जाए।

पार्षद के समर्थन में महापौर परिषद के सदस्य जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ममता यादव, पार्षद जमुना ठाकुर, सोनिया देवांगन, विनय नेताम, रोहित धनकर, पार्वती महानंद ने साथ देते हुए जमीन पर बैठ गए। हालांकि पुनः निविदा बुलाने के पक्ष में केवल 11 पार्षद थे। इसके बाद सभापति ने एस.एल.आर.एम. संचालन के लिए एजेण्डा में शामिल निविदा दर को पारित किए जाने की विधिवत घोषणा की।

### एक नजर आय-व्यय पर

**अनुमानित बजट- 211 करोड़**
**राजस्व आय - 62.79 करोड़**
**पूंजीगत प्राप्तिय -148.21 करोड़**
**राजस्व व्यय - 62.78 करोड़**
**पूंजीगत - 148.16 करोड़**

## एक नजर

### अवैध निर्माण के खिलाफ निगम की कार्रवाई जारी



**भिलाई, 5 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर क्षेत्रांतर्गत अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं. 45 नकम्मा मोहल्ला में स्थानीय निवासियों द्वारा सी.सी. रोड को घेरकर उपर सड़क पर कब्जा कर दिवाल खड़ा किया जा रहा था। ऐसी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा शिवाजी नगर जोन क्रं. 04 आयुक्त अमरनाथ दुबे से की गई। जोन आयुक्त के निर्देश पर निगम का तोड़फोड़ दस्ता मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण किया, शिकायत सही पाया गया, निर्माण के संबंध में किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं था, पूर्ण रूप से सड़क बाधित कर अवैध कब्जा किया जा रहा था। जोन के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, सहायक अभियंता प्रिया करसे स्थल पर पहुंच कर मोड़फोड़ दस्ता के साथ अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। वहां से गैती, फावड़ा, निर्माण सामग्री आदि जप्ती बनाया गया। संबंधितों को चेतावनी दी गई की किसी प्रकार का अवैध कब्जा करने पर ध्वस्त करने के साथ-साथ अर्थदण्ड की कार्यवाही भी की जावेगी। ध्वस्त मलवे को जप्ती बनाकर उठवा लिया गया। कार्यवाही के दौरान तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, अनिल, गौकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

### गर्मी में पानी की किल्लत दूर करने महापौर ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**दुर्ग, 5 अप्रैल।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंर्तगत के शहर की जनता को गर्मी के दिनो मे पानी की समस्या से जूझना न पड़े इसके लिए महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने बस स्टैंड के सामने स्थित जलघर प्रभारी कक्ष में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की बैठक लेकर शहर वासियों को पानी की संकट से दूर रखने ग्रीष्म काल में तीन माह का ठोस कार्य योजना बनाकर मिशन मोड में कार्यरत रहने के निर्देश दिए है बैठक में जलगृह प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन विशेष रूप से मौजूद रही नगर निगम के लिए गर्मी का मौसम बेहद चुनौतीपूर्ण होता है ऐसे समय में सभी वार्डो में पेयजल की सामान्य व्यस्था बनाए रखने में जल विभाग कि महत्वपूर्ण भूमिका होती है अप्रेल शुरू होते ही गर्मी बढ़ने लगी है और पानी की खपत ज्यादा होने से भी कुछ क्षेत्रों में लो प्रेशर व कही बड़ी लिकेज की शिकायत सामने आई है इसे ध्यान में रखते हुए महापौर अलका बाघमार व जल घर प्रभारी ने लीना देवांगन जल संकट ग्रस्त क्षेत्र की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान बैठक में जल विभाग कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम सहायक अभियंता गिरीश दीवान उपयंत्री मोहित मरकाम जलगृह निरीक्षक नारायण ठाकुर प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### महापौर ने यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

**दुर्ग, 5 अप्रैल।** नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा कातुलबोर्ड से स्मृति नगर जाने वाले मार्ग ओवर अंडर ब्रिज पर व्यस्त क्षेत्रो व सड़को में आवागमन की सुविधा को बेहतर करने के लिए लोगो ने महापौर से मुलाकात कर ओवर अंडर ब्रिज के पास ट्रैफिक व्यवस्था करवाने हेतु आग्रह कर कहा शाम के समय यातायात की वजह से ट्यूशन क्लास के बच्चों को कई तरह की परेशानियाँ होती हैं, जैसे कि देरी, भीड़भाड़ और असुरक्षा,बच्चो के पैरंट्स को यातायात भीड़भाड़ से चिंता रहती है।लोगो ने बताया कि रिसोर्ट में शादी विवाह व अन्य कार्यक्रमो के समय ट्रैफिक जाम की स्थिति हो जाती है।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने लोगो की बातों को ध्यान में रहते हुए स्थल निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा की अंडर ब्रिज के पास दुर्घटना की स्थिति न हो इसके लिए निरीक्षण के दौरान तत्काल यातायात पुलिस अधिकारी को फोन कर कहा आए दिन होने वाले दुर्घटना को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस की मांग की गई।जिस पर तत्काल यातायात व्यवस्था दुरुस्त किया गया।इस अवसर पर पार्षद श्रीमती नीलम परिहार,पूर्व पार्षद अरुण सिंह,पटरीपार मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा,शिवेंद्र परिहार,जितेंद्र राजपूत,यस देवांगन. प्रीतम. पारस साहू,राहुल,निखिल शर्मा सहित आदि मौजूद रहें।शहर की कई जगहों पर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने गंभीर चिंता जताई।कातुलबोर्ड से स्मृति नगर जाने वाले मार्ग के व्यस्त क्षेत्रों व सड़कों में आवागमन की सुविधा को बेहतर करने के लिए निरीक्षण किया।

### प्रोटेक्शन मनी वसूलने के आरोप में दो को जेल

**भिलाई, 5 अप्रैल।** भिलाई केंद्रीय जेल दुर्ग में विचाराधीन बंदियों को सुरक्षित रखने के एवज में प्रोटेक्शन मनी वसूलने के आरोप में पद्मनाभ्पुर थाना पुलिस ने को दो आरोपितों को जेल भेजा है पुलिस के अनुसार आरोप है कि दोनों आरोपित जेल के भीतर से आने वाली डिमांड के अनुसार रुपयों की वसूली कर उन्हें विभिन्न खातों में भेजने का काम करते थे पुलिस ने शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए यूपीआइ नंबर के आधार पर इजराइल कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था वहीं दो अन्य आरोपित प्रतीक वासनिक और अजय दीवान को गिरफ्तार किया है।

### नहर में मिला नवजात का शव

**भिलाई, 5 अप्रैल।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के बीआरपी चौक मरोदा के पास नहर में एक नवजात का शव मिला है शव कुछ दिन पुराना है इससे यह भी पता नहीं चल सका है कि शव बालक शिशु का है या बालिका शिशु का नेवई थाने पुलिस ने शव को चीरघर भिजवाया है प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है।

# अष्टमी पर मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 अप्रैल।** चैत्र नवरात्र अष्टमी पर्व में मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह सुबह दिखी । श्रद्धालुओं ने फल फूल चूड़ी , केला , घी का बना हुआ रोट , अंगूर , सूजी का हलवा नारियल चढ़ाकर अगरबत्ती , पूरी और दिया जलाकर मां महामाया देवी की पूजा की । राजेश ठाकुर और सरिता ठाकुर ने बताया की मां महामाया देवी की पूजा करने से मन में शांति मिलती है । अरुण कुमार सिन्हा और उमा सिन्हा ने बताया की मन को शांति और दिल को अच्छा लगता है । मुंगेली से आकर मोती पटेल और श्रीमती हर्षा पटेल ने मां महामाया मंदिर में पूजा की और उन्होंने बताया की मन शुद्ध हो जाता है आत्मिक शांति मिलती है । जय चंद्रवंशी , मधु चंद्रवंशी ने कहा की बिना मांगे मां महामाया मनोकामना पूर्ण कर देती है । जयदेव अग्रवाल , अंकित अग्रवाल , बीजेपी वरिष्ठ नेता कुंजराम साहू , अशोक लहरें , संजय सागर ओर श्रीमती उमा सागर , भगवती , चंद्रशेखर , पवन तिवारी , अश्विनी यादव और श्रीमती लक्ष्मी यादव , तरुण साहू , भूपेंद्र कुमार और श्रीमती मेघा ओर श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचकर पूजा की ।

### महिला एवं पुरुष पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन 11 से

**भिलाई, 5 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर पॉवर लिफ्टिंग संघ एवं वन विभागीय वाहन चालक-कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 11 से 13 अप्रैल तक 25वी छत्तीसगढ़ राज्य (इक्युप्ड एंड क्लासिक) महिला एवं पुरुष पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन वन चेतना भवन, सकरी, बिलासपुर में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, कोच कृष्णा साहू ने उक्ताशय की जानकारी देते बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु ऑनलाईन पंजीयन वेबसाईट पर करें । पूर्व में पंजीयन करा चुके खिलाड़ी वेबसाइट लॉगिन कर अप्लाई ऑप्शन सेलेक्ट कर फार्म भरकर डाटा सेव करें । जन्मतिथि प्रमाणित करने हेतु आधार कार्ड या जन्म-प्रमाण-पत्र की मूलप्रति बॉडी वेट के समय दिखाना अनिवार्य है । पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण-पत्र तथा स्ट्रांग मेन / वुमन ऑफ छत्तीसगढ़ खिताब विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा । र

# सर्कुलर और शीतला मार्केट सहित केनाल रोड पर चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 5 अप्रैल।** वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत पावर हाऊस का जवाहर मार्केट बहुत जल्द वेल डेवलप्ड शापिंग मॉल का रूप लेने जा रहा है। विधायक रिकेश सेन ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक जवाहर मार्केट के लिए राज्य शासन से 7 करोड़ रुपये स्वीकृत करा लिए हैं। शुक्रवार को एक प्रेजेंटेशन मीट में शामिल जवाहर मार्केट के व्यापारीगण मार्डन जवाहर मार्केट का स्वरूप देख कर ऊर्जा से लबरेज दिखाई पड़े। उन्होंने इस अहम् प्रोजेक्ट के लिए युवा विधायक रिकेश को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस कार्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के जवाहर मार्केट के इस रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें जवाहर मार्केट के व्यापारियों एवं नगर निगम अधिकारियों ने भाग लिया। प्रोजेक्टर के माध्यम से जवाहर मार्केट का प्रस्तावित डेमो स्ट्रक्चर प्रस्तुत किया गया और सभी से सुझाव लिए गए। इस संवाद का उद्देश्य सबकी भागीदारी से एक बेहतर बाजार विकसित करना रहा। निगम अधिकारियों के साथ प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट टीम और तकनीकी विशेषज्ञ भी इस प्रोजेक्शन मीट में मौजूद रहे। विधायक रिकेश सेन ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष इस मार्केट को व्यवस्थित करने की जब जब बात होती नगर निगम पोल से कुछ दूरी तक दुकान के बाहर निकले छज्जे को तोड़ सड़क चौड़ीकरण कर इसी तरह की व्यवस्था करता रहा है। विधायक बनते ही वैशाली नगर भिलाई की दशा और दिशा बदलते दिन रात प्रयास कर रहा हूं। जवाहर मार्केट के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी चर्चा मैंने की। 7 करोड़ रुपये स्वीकृत कराया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि जवाहर मार्केट के बाद बहुत जल्द हम सर्कुलर और शीतला मार्केट को भी व्यवस्थित करने की प्लानिंग कर रहे हैं। सेन ने बताया कि वर्तमान में जिस जगह पर छावनी थाना है उसे वहां से स्थानांतरित कर पीछे खाली मैदान में शिफ्ट किया जाएगा। इतना ही नहीं छावनी थाना बहुत जल्द स्मार्ट थाना के स्वरूप में डेवलप होने जा रहा है। अभी जहां थाना है वह जगह रिक्त कर लाल मैदान को डोम शेड से व्यवस्थित स्टेडियम के स्वरूप में डेवलप किया जाएगा। लाल मैदान में चारों तरफ डोम शेड के साथ स्टेडियम की तरह हाईमास्ट लाइट लगाईं जाएंगी। उन्होंने लाल मैदान में दुर्गा पूजा का जिक्र करते हुए कहा कि मार्केट के व्यवसायी धूमधाम से लाल मैदान में दुर्गोत्सव का आयोजन करते रहे हैं। यहां टैंट आदि में लाखों रुपये खर्च होते हैं। यहां विशाल स्टेज, डोम शेड, परमानेंट लाइटिंग व्यवस्था होगी। विधायक रिकेश ने बताया कि रामनगर मुक्तिधाम का कार्य अब जल्दी शुरू हो रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में भिलाई नगर रेलवे स्टेशन से लेकर सुपेला अंडर ब्रिज के समानांतर सड़क निर्माण कार्य के लिए पर्याप्त फंड की उपलब्धता के बाद जवाहर मार्केट के लिए 7 करोड़ की स्वीकृति मिली है।

# श्रीरामनवमी पर जिले के 2.5 लाख परिवारों से संग्रहित अन्न से बनेगा महाप्रसाद: पांडेय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 अप्रैल। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा 06 अप्रैल को भव्य रूप से श्रीरामनवमी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के 2.5 लाख से अधिक परिवारों से संग्रहित अन्न से महाप्रसाद बनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशेष अतिथि समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय और मुख्य वक्ता के रूप में बाल योगेश्वर राम बालकदास महात्यागी, श्री पाटेश्वर धाम उपस्थित रहेंगे। श्रीरामनवमी के इस आयोजन हेतु समिति द्वारा विगत 24 मार्च से निरंतर तीसरे वर्ष भी एक मुठ्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान भी चलाया गया। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 4 दशकों से निरंतर चला आ रहा यह आयोजन, मध्य भारत के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, जिसमें लगभग 1150 से अधिक मठ-मंदिरों से ध्वजवाहक शोभायात्रा में शामिल होते हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से भव्य शोभायात्राएं निकलती हैं जो मुख्य रूप से बाबा भोलेनाथ शोभायात्रा, भगवान चतुर्भुजी शोभायात्रा, मां बम्लेश्वरी शोभायात्रा और मां दंतेश्वरी शोभायात्रा के रूप में आयोजन स्थल पर एकत्रित होती है। यहां पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके अतिथि विभिन्न प्रखण्डों से झांकियां भी निकाली जाती है, जिन्हें आयोजन स्थल पर पुरस्कृत किया जाता है। पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान में विगत 24 मार्च से अब तक जिले के 2.5 लाख से अधिक परिवारों से अन्न संग्रहित किया जा चुका है। इस अन्न से श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर महाप्रसाद बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में भिलाई वासियों ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ सहभागिता दी है, वह अभूतपूर्व है। 06 अप्रैल को होने वाले मध्य भारत के इस सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। आयोजन संबंधी सारी तैयारियों के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया था। वहीं समिति के मुख्य शाखा, महिला शाखा और युवा शाखा द्वारा लगातार अपने - अपने प्रखंडों में आमजनों को इस आयोजन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस वर्ष सभी 12 प्रखंडों से शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए रूट का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है। यह सभी शोभायात्रा तय रूट से होते हुए रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचेंगी। पत्रकारवार्ता के दौरान मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, जिलाध्यक्ष मदन सेन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, जिला महामंत्री गण बसंत प्रधान, जोगिंदर शर्मा, दीपक मिश्रा, अरविंद वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में विभागीय सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन

**भिलाई, 5 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) द्वारा 22 से 28 मार्च तक विभागीय सुरक्षा जागरूकता सप्ताह एवं सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन समारोह मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी के बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में 29 मार्च को संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा, महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल, महाप्रबंधक एस रॉय चौधरी, महाप्रबंधक झगर सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधि, नियमित एवं ठेका कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# जिला पंचायत सभापति दीपा ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा की

**कवर्धा,5 अप्रैल।** सभापति जिला पंचायत कबीरधाम श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे नवरात्रि के महापर्व में मां महामाया मंदिर कुई एवम चंडी मंदिर कुई कुकदुर मे पहुंचकर पूजा की और जिले वासियों के जीवन में शांति सुख और समृद्धि आए जिसके लिए मनोकामना की ।



**कवर्धा, 5 अप्रैल। मां महामाया मंदिर में संजय चंद्रवंशी और श्रद्धालुओं ने प्रज्ज्वलित ज्योति कलशों की पूजा की ।**



**कवर्धा, 5 अप्रैल।** जंवारा की पूजा श्रद्धालुओं ने की



# बीएसपी परिसर से अवैध कब्जाधारी जेपी सीमेंट की बेदखली संपन्न

**भिलाई, 5 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत प्रवर्तन अनुभाग ने संपदा न्यायालय द्वारा 27 मार्च को पारित डिक्री आदेश के अनुपालन में सेक्टर 01 में सीडीओ एवं जगन्ना बिल्डिंग, स्ट्रीट नंबर 08 और 10 के मध्य स्थित परिसर में अवैध रूप से काबिज मेसर्स भिलाई जेपी सीमेंट लिमिटेड के विरुद्ध एक बड़ी बेदखली कार्यवाही संपन्न की। यह कार्यवाही थाना भट्ठी से बड़ी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति में, कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढाल सिंह बिसेन के नेतृत्व में संपन्न हुई।



### मेरा सपना बिजनेसमेन बनना:पार्थ चंद्रवंशी

**कवर्धा, 5 अप्रैल।** भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लखेश्वर चांद्रवंशी और श्रीमती शालिनी चंद्रवंशी के सुपुत्र पार्थ चंद्रवंशी ने बताया की उनका सपना है की बिजनेसमेन बने । बेस्टकबॉल मै ब्लॉक लेवल तक का प्रतिधिनित्व कर चुके है । स्कूल ज्ञानगंगा एजुकेशनल में बारहवीं का एग्जाम देकर घर वापस लौटे है ।



### धनोरा में डोम शेड एवं मंच निर्माण के लिए भूमि पूजन

**भिलाई, 5 अप्रैल।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत 4 अप्रैल को ग्राम धनोरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डोम शेड एवं मंच निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम महाप्रबंधक शिवराजन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े एवं उप प्रबंधक के. के. वर्मा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती नीलिमा गजपाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालयीन स्टाफ व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं श्रमिकों का वेतन दर निर्धारित

**राजनांदगांव 05 अप्रैल।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावशील न्यूनतम वेतन अधिनियमय 1948 में निहित प्रावधान सह पठित श्रम विभाग की अधिसूचना के अनुसार नियोजन भाग-एक के 45 नियोजन तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक न्यूनतम वेतन तथा परिवर्तनशील महंगाई भत्ता की दरें निर्धारित किया गया है। यह मासिक एवं दैनिक वेतन दरें 1 अप्रैल 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक लागू रहेंगी। दैनिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अकुशल, अर्धकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल वर्ग के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अ, ब एवं स जोन में विभक्त किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर खंड-3 द्वितीय तल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर के वेबसाईट www.cglabour.gov.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वाले व्यक्ति एवं गिरोह पर एफआईआर के निर्देश

**राजनांदगांव 05 अप्रैल।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले के जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार एवं संस्था प्रभारियों को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वाले व्यक्ति एवं गिरोह का पता चलने पर, संबंधितों के विरूद्ध नजदीकी पुलिस थाने व चौकी में एफआईआर पंजीकृत करवाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में जन्म-मृत्यु पंजीयन का कार्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969, संशोधित अधिनियम 2023 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के तहत किया जा रहा है। जिले के सभी पंजीयन इकाइयों जैसे नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत एवं सभी शासकीय अस्पताल में जन्म-मृत्यु पंजीयन भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय के वेबपोर्टल dc.crsorgi.gov.in पर किया जा रहा है। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की जांच प्रमाण पत्र में उपलब्ध क्यू आर कोड को स्कैन कर की जा सकती है।

### वनांचन ग्राम कटेगा पहुंचकर छन्नी चंदू साहू ने किया समुदायिक भवन का लोकार्पण



**छुरिया, 05 अप्रैल।** विकासखंड छुरिया के सूदूर वनांचन ग्राम कटेंगा पहुंचकर नवनिर्मित समुदायिक भवन का खुज्जी विधानसभा पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने फिता काटकर लोकार्पण किया । ग्राम कटेंगा पहुंचने पर खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक छन्नी साहू का ग्रामीणो ने आरती के साथ फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया फिर समुदायिक भवन का लोकार्पण करने के उपरांत इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी तब इस वनांचन क्षेत्र के विकास के लिए सबसे ज्यादा विकास का कार्य हुआ और आज वर्तमान सरकार राज्य में सबसे ज्यादा शराब दूकान खोलकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर रही है। जब-जब विकास को आगे बढ़ाने या जनता के साथ खड़े होने की स्थिति आएगी वे हमेशा उनके साथ खड़ी रहेंगी।हमने क्षेत्र के विकास को सड़क के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया है जिसका लाभ वनांचल के ग्रामीणों को हो रहा है।इस लोकार्पण कार्यक्रम में जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी,सरपंच भूमेश्वरी सलामे,पूर्व जनपद सदस्य कन्हैया कोले,रसिका सलामे,रामसुख सलामे ,शिव कुमार सलामे,गणपत सलामे,अगनु सलामे के साथ साथ अन्य ग्रामीण व वरिष्ठजन उपस्थित रहें।

### सामूहिक आदर्श विवाह में शामिल हुईं जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया, 05 अप्रैल।** कंवर सामाज द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम का आयोजन ग्राम - तेलिनबाधा में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। आदर्श विवाह में 5 युगल शादी के बंधन में बंधे। अतिथियों का फूल माला गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में शामिल होकर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि खर्चीली शादी आज गरीब व मध्यम परिवार के लिए मुसीबत बनती जा रही है। आदिवासी समाज द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह कर आदर्श समाज का परिचय दिया है अन्य समाज को भी इस समाज के कार्यों से सीख लेनी चाहिए।ऐसे कार्यक्रम समाज की सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाते हैं. जिला पंचायत अध्यक्ष ने वर-वधू के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी कंवर समाज ने सामूहिक आदर्श विवाह आयोजित कर शादी के खर्चे के बोझ से राहत देने का कार्य किया है। ऐसे आयोजन से समाजिक सद्भाव को बढ़ावा देते हैं.

# कुदरगढ़ महोत्सव आस्था, भक्ति और परंपरा का अनूठा संगम : सीएम साय

- कुदरगढ़ मंदिर धाम प्रसाद योजना में शामिल, विकास के लिए केन्द्र सरकार से मिलेगी मदद

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 05 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कुदरगढ़ महोत्सव आस्था, भक्ति और परंपरा का अनूठा संगम है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर इस अंचल के आस्था के प्रमुख केन्द्र कुदरगढ़ मंदिर धाम को केन्द्र सरकार की 'प्रसाद योजना' में शामिल किया है। इससे यहां के विकास के लिए केन्द्र सरकार से मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ धाम में चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित कुदरगढ़ महोत्सव का समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।



**कुदरगढ़ धाम में शुरू होगा चिकित्सालय**-मुख्यमंत्री साय ने कुदरगढ़ धाम में बनने वाले रोपवे का भूमिपूजन किया। यह रोपवे दो वर्ष में बनकर तैयार होगा। इस अवसर पर उन्होंने कुदरगढ़ धाम के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने प्रशासनिक भवन एवं सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50-50 लाख तथा गढ़वातियां माता मंदिर में सीढ़ी निर्माण और पेयजल व्यवस्था हेतु 50 लाख सहित कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपये के निर्माण कार्यों की घोषणा की। इस दौरान रोपवे निर्माण के लिए अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने धाम में चिकित्सालय निर्माण की भी घोषणा की, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

**105 करोड़ रूपए से अधिक लागत के कार्यो का भूमिपूजन-शिलान्यास**-मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए माता कुदरगढ़ी से प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की और श्रद्धालुओं को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर 105 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 43 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री साय ने भटगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए सुशासन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा।

**भोरमदेव मंदिर हेतु स्वदेश दर्शन योजना में 148 करोड़ रूपए मंजूर**-मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर के विकास के लिए भारत सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत 148 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। प्रदेश की पांच शक्तिपीठों सूरजपुर के कुदरगढ़, चंद्रपुर की चंद्रहासिनी, रतनपुर की मॉं महामाया, डोंगरगढ़ की मॉं बम्लेश्वरी और दंतेवाड़ा की मॉं दंतेश्वरी शक्तिपीठ के विकास के लिए चार धाम की तर्ज पर योजना बनाई गई है।


## शहर को हमलावर घुमंत नंदी से मुक्त कराया



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 05 अप्रैल।** तिल्दा नेवरा शहर को हमलावर घुमंतू नंदी से मुक्त किया गया जिसने पूर्व में शहर में हर स्थान पर इंसान पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से चोटिल कर दिया था जिसके कारण वह कई महीनों से चलने में असमर्थ है नंदी के हमले में उनके ही जैसे शहर के कई बुजुर्ग भी चोटिल हुए हैं, इसके अलावा नंदी के कारण रोड़ के किनारे फल और सब्जियों के विक्रेता तथा रोड़ पर चलने वाले आम नागरिक भी आतंकित थे। जिसे देखते हुए और जनमानस की सुरक्षा के लिए तिल्दा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला डॉ खुमान वर्मा के द्वारा नगरपालिका ष्टस्ह्र सर एवं पशु चिकित्सालय तिल्दा से चर्चा की गई जिनके सहयोग से पशु चिकित्सालय तिल्दा के चिकित्सकों की टीम के द्वारा योजना बद्ध तरीके से रायपुर के चल-चिकित्सा इकाई के जिला नोडल अधिकारी डॉ विक्रम पाठक के सहयोग से तिल्दा विकासखण्ड चल-चिकित्सा इकाई के नोडल अधिकारी डॉ रामस्वरूप वर्मा के प्रयास से नंदी को ट्रेंकुलाइज किया गया व उसकी आक्रामकता को कम करने के लिए बर्डिजो कैस्ट्रेटर से बधियाकृत किया गया तथा नंदी को काबू में करने में नाथं पहनाई गई जिसके उपरांत पशु रेस्क्यू वाहन के माध्यम से गौशाला भेजा गया। इस कार्य में पशु चिकित्सालय तिल्दा से श्री अशोक कश्यप, श्री राजनरायन यादव एवं श्री पुनीत मिश्रा उपस्थित थे तथा नगर पालिका तिल्दा-नेवरा से श्री कोदुराम वर्मा अपने सहयोगी साथीयों के साथ विशेष सहयोग किया।

## चंद्रगिरी में प्रथम आचार्य पदारोहण दिवस मनाया जायेगा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 05 अप्रैल।** 108 आचार्य श्री समयसागर महाराज जी का प्रथम आचार्य पदारोहण दिवस 5 अप्रैल 2025 को श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय महातीर्थ क्षेत्र में 105 आर्यिका श्री आदर्शमति माता जी ससंघ एवं 105 आर्यिका श्री अपूर्वमति माता जी ससंघ के सानिध्य में मनाया जायेगा। प्रातः 7 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं शांति विधान होगा। प्रातः 9 बजे से संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी कि नित्य पूजा समाधी स्थली में होगी। दोपहर 2 बजे से विद्या गुरु समय गुरु कि विशेष संगीतमय पूजा होगी तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से वन्दनीय आर्यिका संघ के मंगल प्रवचन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी ट्रस्ट समिति ने उक्त कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने सभी साधर्मियों से अपील कि है एवं सभी साधर्मियों के भोजन कि भी व्यवस्था क्षेत्र पर कि गयी है। उक्त जानकारी श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष सेठ सिंघई श्री किशोर जैन के द्वारा दी गयी है।

## मांगा खोरपा के लिए कालेज मिल गया बेन्द्री को

- विधायक को भाया, लोग नाराज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 05 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर ग्राम बेन्द्री में आयोजित कार्यक्रम में अभनपुर के विधायक इन्द्र कुमार साहू ने ग्राम खोरपा में महाविद्यालय खोले जाने की पुरजोर मांग रखी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंच से तों कोई घोषणा नहीं की लेकिन चूंकि समारोह बेन्द्री में आयोजित हुआ था, कुछ दिनों बाद बाद बेन्द्री में महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा कर दी। पुराना धमतरी रोड में सेजबहार से आगे स्थित खोरपा एक बड़ा गांव है जहां महाविद्यालय खोले जाने की मांग बरसों पुरानी है । खोरपा और आस पास के गांवों के लोगों ने तत्कालीन विधायक धनेन्द्र साहू से गुहार लगाई उन्होंने इसके लिए प्रयास करने का भरोसा दिलाया और प्रयास किया भी। लेकिन उनके प्रयासों से महाविद्यालय खुला भी परन्तु खोरपा की जगह तामा सिवनी में।

खोरपा के लोगों को इस बात को लेकर, कि महाविद्यालय तामा सिवनी में खुला कोई रंज नहीं था परन्तु इस बात को लेकर आक्रोश था कि विधायक धनेन्द्र साहू ने खोरपा महाविद्यालय खोले जाने ईमानदार प्रयास नहीं किया। नतीजतन वे भाजपा के इन्द्र कुमार साहू से चुनाव हार गए। चुनाव प्रचार के दौरान इन्द्र कुमार साहू ने लोगों से वादा किया था कि वे खोरपा में महाविद्यालय खोले जाने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। इन्द्र कुमार साहू चुनाव जीत भी गए। सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संभवतः पहला बड़ा कार्यक्रम बेन्द्री में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल की दो वर्षों की बकाया धान बोनस राशि दिए जाने की घोषणा की। इसी समारोह में विधायक इन्द्र कुमार साहू ने मुख्यमंत्री से खोरपा में महाविद्यालय खोले जाने की मांग रखी। कुछ दिनों बाद मुख्यमंत्री ने विधायक इन्द्र कुमार साहू के विधानसभा क्षेत्र में महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की, लेकिन खोरपा के बजाय बेन्द्री में। विधायक इन्द्र कुमार साहू ने इस घोषणा पर किसी तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की और अपनी मांग के अनुरूप खोरपा में महाविद्यालय खुले इसके लिए कोई पहल नहीं की। इसे लेकर खोरपा सहित आस पास के गांवों के लोगों में भारी नाराजगी है।

## भाजपा मगरलोड मंडल की बैठक 4 अप्रैल को

**मगरलोड, 05 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी मगरलोड मंडल की बैठक 4 अप्रैल को मंडल कार्यालय मगरलोड में भाजपा मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस 14 अप्रैल संविधान दिवस को संगठन पखवाड़े के रूप में मनाए जाने को लेकर आयोजित की गई। मंडल संगठन प्रभारी जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी राजनैतिक संगठन है जो जनता के बीच जाकर लगातार काम करती है, भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता हमेशा जनता के बीच सक्रिय रहते हैं।





## श्रीराम जन्मोत्सव पर होगा भव्य आयोजन

- राम जानकी मूर्ति स्थापना का छंठवां वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 05 अप्रैल।** स्थानीय आंध्र समाज द्वारा केदारबाड़ी वार्ड नंबर 3 में स्थित श्री सीता रामचंद्र स्वामी आलयम में भगवान श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। राम दरबार मंदिर में नवमी तिथि के पावन अवसर पर रविवार 6 अप्रैल को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है। समाज के गोविंद पी सूर्या राव सुनील बंदारम जी संतोष राव एम नागेश के नागेंद्र राव बी शंकर राव के कृष्णा राव ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः 8 बजे भगवान श्री रामचंद्र जानकी जी लक्ष्मण जी व हनुमान जी की अभिषेक पूजा होगी और इसी के साथ दिन का शुभारंभ होगा। अभिषेक पूजन में भगवान श्रीराम के भक्त शामिल हो सकेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक चलेगा। तत्पश्चात आंध्र समाज भवन में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की है। राम भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जहां भक्ती सेवा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। श्रीराम मंदिर केदारबाड़ी आंध्र भवन समिति ने सभी रामभक्तों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।



### चुने गए सरपंच केवल नाम के, नहीं किसी काम के !

## पंचायत सचिवों का आंदोलन खत्म कराने सरपंचों का सरकार से आग्रह

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 05 अप्रैल।** पंचायत चुनाव लड़कर,जीत कर सरपंच बन तो गए,पद और गोपनीयता की शपथ भी ले ली, लेकिन एक माह होने को आया उन्हें ग्राम पंचायत के सरपंच का पदभार नहीं मिल पाया है फलस्वरूप ग्राम पंचायत से संबंधित सारे कामकाज ठप्प है।

सरपंच को कार्य भार सौंपने के लिए पंचायत सचिव का उपस्थित रहना अनिवार्य है, राज्य भर के पंचायत सचिव आन्दोलन पर है। उनकी कुछ मांगें हैं लेकिन उनमें प्रमुख मांग पंचायत सचिव को शासकीय सेवा घोषित किए जाने की है। पंचायत सचिवों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के समय भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंचायत सचिव पद को शासकीय सेवा माने जाने का वादा किया गया था। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सवा साल हो गए तो हम सरकार को आंदोलन के जरिए उनका वादा याद दिला रहे है। आंदोलन को लगभग एक महीना होने को है लेकिन प्रशासन और सरकार के स्तर पर कोई पहल नहीं है मानो कुछ हो ही नहीं रहा। पंचायत से संबंधित सभी काम ठप होने से गांव वालों को हों रही दिक्कतों से मानों कोई सरोकार नहीं। इतना ही नहीं सरकार की अनेक योजनाएं पंचायत के औपचारिक प्रस्ताव अथवा सहमति के अभाव में रूकी हुई है। सरकार ने इसी माह से 67 नई शराब दुकानें खोलने की घोषणा कर रखी है वह भी पंचायत सचिवों के आंदोलन की वजह से खुल नहीं पा रही हैं। नई शराब दुकानों के लिए आबकारी विभाग और प्रशासन ने जिन स्थानों कों चिन्हांकित कर रखा है उसके लिए संबंधित ग्राम पंचायत से सहमति लेना अनिवार्य है और यह तभी संभव है जब पंचायत सचिव आंदोलन खत्म कर काम पर लौटे तथा शपथ लेकर खाली बैठे सरपंचों को पदभार सौंपा जाए। आखिरकार सरकार को आंदोलन कर रहे पंचायत सचिवों की बात सुननी ही है और आंदोलन खत्म कराने के लिए किसी कार्ययोजना पर परस्पर सहमति बनानी ही हैं तो देर किस बात की? आंदोलन से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को हो रही दिक्कतों से निजात दिलाने तथा सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब से हो रहे नुकसान कों देखते समझते हुए बगैर देर किए पंचायत सचिवों के आंदोलन को खत्म कराने त्वरित कदम उठाया चाहिए। नवनिर्वाचित सरपंचों की भी सरकार से मांग है कि पंचायत सचिवों का आंदोलन शीघ्रातिशीघ्र समाप्त कराया जाए ताकि वे भी पदभार ग्रहण कर ग्राम विकास की अपनी योजनाओं पर कदम आगे बढा सकें। कार्य भार न मिलने की वजह से ग्राम पंचायतों के सरपंचों पंचों को बैठक भत्ता का भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## समाचार संक्षेप

### गांवों का पीएचई विभाग का मैदानी अमला करे नियमित निरीक्षण: कलेक्टर



- जिले में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव 05 अप्रैल।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जल स्तर नीचे चले जाने के कारण जिले के कुछ ग्रामों में हैण्डपंप बंद हुए है, ऐसे गांवों का चिन्हांकन कर वहां पेयजल की व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी मैदानी अमले को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। सभी मैदानी अमला गांवों का नियमित निरीक्षण करें और शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को जल जीवन मिशन के अंतर्गत कैसे उपयोग करना है इस पर विचार करना चाहिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी रिचार्जिंग में भी ध्यान देना चाहिए।

भूमिगत जल का उपयोग जितना करते हैं उससे ज्यादा पानी रिचार्ज करना होगा और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा। जिससे भूमिगत जल स्तर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को पानी की समस्या को कैसे दूर करें इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए, जिससे वे जनसामान्य को इसके संबंध में जागरूक कर सके।

### 40 पाव महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब जब्त



**राजनांदगांव 05 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं कोचियों, सार्वजनिक स्थलों पर मद्यपान करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ छापा मार कार्रवाई करते हुए थाना छुरिया अंतर्गत ग्राम भोलापुर में सचिन कुमार साहू के रिहायशी मकान की तलाशी लेने पर 40 पाव (कुल 7.200 बल्क लीटर) महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब संतरा जप्त किया गया। आरोपी को आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमानंतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। इसी तरह अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल-ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी द्वारा सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला श्री राजकुमार कुर्रे, हमराह स्टाफ आबकारी मुख्य आरक्षक श्री निजाम शाह, श्री मनीष रजक, श्री अनिल सिन्हा शामिल थे।

### सुशासन तिहार: पारदर्शिता, संवाद और समाधान की नई पहल

**रायपुर, 05 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी करते हुए सुशासन तिहार-2025 के आयोजन के निर्देश दिए है। यह तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने स्पष्ट किया कि सरकार शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार काम कर रही है। शासन-प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय काम-काज में पारदर्शिता आए, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, इसका लाभ समाज के उन वर्गों को तत्परता से मिले, जिनके लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इसको लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर प्रभावी पहल की जा रही है।

मुख्यमंत्री साय ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर सुशासन तिहार-2025 के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा है कि सुशासन तिहार-2025 के आयोजन के उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है।

### नलकूप खनन के लिए 99 लाख 36 हजार रूपए की स्वीकृति

**राजनांदगांव 05 अप्रैल।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से राजनांदगांव विकासखंड के 44 ग्रामों में पेयजल के लिए राजस्व मद से नवीन नलकूप खनन के कार्यों के लिए 99 लाख 36 हजार रूपए की स्वीकृति प्राप्त होने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। इसके लिए ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत राजस्व मद से राजनांदगांव विकासखंड के 44 ग्रामों में नलकूप खनन के लिए 99 लाख 36 लाख रूपए का स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम पनेका, बांकल, फरहद, सुकुलदैहान, बोरी, डिलापहरी, बम्हनी, भानपुरी, गठुला, धार्मपुर, बरगाही, भेडिकला, बागतराई, पार्रीकला, ईरा, ककरेल, ठेकवा, मगरलोटा, खुटेरी, ठाकुरटोला, परमालकसा, धीरी, फुलझर, फरहद, मौहाभाठा, तोरनकट्टा, मनकी, इंदावानी, बैगाटोला, सुंदरा, सोमनी, टेड़ेसरा, ढोडिया, कोटराभाठा, बूचीभरदा, आरला, उसरीबोड़, मोखला, मुड़पार, भोथीपारखुर्द, रानीतराई, सिंघोला, सुरगी, भर्रेगांव में पेयजल के लिए नलकूप खनन किया जाएगा।

संपादकीय

# विपक्ष ने फिर उम्मीद की फिर मायूस हुआ

जो सत्ता में नहीं रहता है,उसे हमेशा सत्ता की उम्मीद रहती है। वह सोचता है कि इस बार नहीं तो अगली बार तो सत्ता उसको मिल ही जाएगी क्योंकि जनता के पास उसके अलावा कोई विकल्प भी नहीं है।लेकिन वह उम्मीद करते वक्त यह भूल जाते हैं कि जनता उनको विकल्प मान रही है या नहीं मान रही है। यही वजह है कि वह बार बार उम्मीद करते हैं और बार-बार मायूस होते हैं।वक्फ संशोधन विधेयक संसद में पारित कराने का मौका आया तो विपक्ष और मोदी विरोधियों को लगा कि इस बार तो मोदी सरकार को हार का सामना करना पड़ेगा, वह विधेयक को संसद में पारित नहीं करा पाएगी, इस बार तो चंद्रबाबू नायडू व नीतीश कुमार भाजपा के साथ पक्का खड़े नहीं होंगे। क्योंकि वह मुसलमानों को नाराज नहीं कर सकते। वह भाजपा से इसी विधेयक पर मुसलमानों के दवाब में समर्थन वापस ले लेंगे। भाजपा सरकार गिर जाएगी। नीतीश व चंद्रबाबू नायडू पर कई महीनों से दवाब बनाया जा रहा था, रमजान में इफ्तारी में नीतीश कुमार पर दवाब बनाया गया। कोई मुसलमान नेता न उनकी इफ्तारी में गया न ही नीतीश कुमार को बुलाया गया। लेकिन नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू इस बार भी विपक्ष पर भरोसा न कर सके। कमजोर विपक्ष पर कोई भरोसा नही करता है और मोदी सरकार से उनको वह सब मिल रहा है जो उनको चाहिए। वक्फ संशोधन विधेयक में दोनों दलों के नेताओं के सारे सुझाव माने गए। इससे दोनों दल के नेता मुसलमानों के बीच यह कहने की स्थिति में है कि मुसलमानों के हित में उनके दिए सुझाव जब मान लिए गए तो वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध का सवाल ही नहीं उठता था। इस तरह भाजपा ने फिर एक विपक्ष के नेताओं को बता दिया कि उनकी सरकार पहले की सरकारों की तरह मजबूत सरकार है, उसे गिराया नहीं जा सकता।पीएम मोदी व अमित शाह के सामने विपक्ष की कोई चाल कारगर नहीं रही। विपक्ष और कुछ कट्टर मुसलमान नेताओं ने यह नरेटिव बनाने की कोशिश की यह विधेयक मुसलमानों के विरोध में है। इससे मुसलमानों को नुकसान होगा। लेकिन मोदी और शाह ने इस विधेयक को गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाने वाला बताकर विपक्ष के नरेटिव को निष्प्रभावी कर दिया। देश में पहली बार मुसलमान बंटे हुए दिखाई दिए तो इस वजह से कि भाजपा उनको यह समझाने में सफल रही कि वक्फ की संपत्ति गरीबों की है, वह चाहती है कि वक्फ की संपत्ति की उपयोग गरीबों के हित में किया जाए। इसी वजह से पहली बार गरीब व पिछड़े मुसलमान सड़क पर मोदी व शाह की तारीफ में नारे लगाते दिखे। कई मुसलमान नेता भी वक्फ संशोधन बिल के पक्ष में दिखाई दिए। वक्फ विधेयक को असंवैधानिक बताने का प्रयास किया गया तो जवाब में यह कहकर उनके प्रयास को फेल कर दिया गया कि जो विधेयक पहले कई बार संशोधन के वक्त संवैधानिक था, वह इस बार संशोधन से कैसे असंवैधानिक हो गया।कांग्रेस ने वक्फ संशोधन विधेयक में गलत क्या है यह नही बता सकी इसलिए वह इस मामले हवा हवाई बातें जो संसद में टिकी नहीं, उनकी हर बात को शाह ने गलत साबित किया। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि इस विधेयक के लिए गैर सरकारी संस्थाओं से सुझाव नहीं लिए गए।यह विधेयक संविधान के मूल ढांचे पर हमला है,अल्पसंख्यकों को बदनाम करने का प्रयास है, उन्हें मताधिकार से वंचित करने व समाज को विभाजित करने का प्रयास है। इस पर अमित शाह ने कहा कि संप्रग सरकार ने तो 2013 में सिर्फ चार घंटे की चर्चा के बाद वक्फ विधेयक को पास कर दिया था। इस बार विधेयक पर जेपीसी में 113 घंटे चर्चा हुई है तथा 92 लाख सुझावों पर चर्चा के बाद कानून बनाया जा रहा है। विपक्ष के नेताओं के बयान से ही साफ हो जाता है कि उनके पास इस विधेयक में संशोधन को गलत बताने के लिए एक भी तर्क नहीं था, डीएमके सांसद ए.राजा ने कहा कि एक ऐसी पार्टी अल्पसंख्यकों के अधिकारी की रक्षा के लिए विधेयक ला रही है, जिसके पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है।टीएमसी के सांसद कल्याण बैनर्जी ने कहा कि यह संशोधन विधेयक मुस्लिमों के अधिकारों को छीनने का प्रयास है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह मुसलमानों की संपत्ति को छीनने का विधेयक है। राहुल गांधी ने इस विधेयक पर चर्चा में हिस्सा नहीं लिया, यह देश में चर्चा का विषय रहा कि राहुल गांधी ने चर्चा में हिस्सा क्यों नहीं लियाा। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि यह मुसलमानों को हाशिये पर डालने वाला विधेयक है। सबसे हास्यास्पद स्थिति तो अस्दुद्दीन ओवैशी की रही उन्होंने विधेयक को मुसलमानों के धार्मिक, सामाजिक व आर्थिक अधिकारों पर सीधा हमला करार दिया और वक्फ संशोधन बिल को संसद में फाड़कर महात्मा गांधी बनने का प्रयास किया। इस बार ओवैशी सहित कई कट्टरपंथी मुसलमान नेताओं को यह बात समझ में आ गई है कि अब मुसलमान समाज उनकी हर बात को सही मानने से रहा। यही वजह है कि इस बार सीएए की तरह पूरा मुसलमान समाज कट्टर मुसलमानों के पीछे खड़ा नही हुआ। पहली बार गरीब व पिछड़े मुसलमानों को यह बात समझ में आई है कि जो खुद को मुसलमानों का नेता कहते हैं वह अमीर मुसलमानों के लिए सबकुछ करते हैं। गरीब मुसलमानों का प्रयोग वह वोट के लिए करते हैं और उनके वोटों के बल देश में नेतागिरी करते हैं। वक्फ बोर्ड को गरीब व पिछड़े मुसलमानों के लिए ही बनाया गया और उनके लिए ही बोर्ड कुछ नहीं करता है, यह बात इस बार गरीब व पिछड़े मुसलमानों को समझ आ गई है। इससे आने वाले दिन में मुसलमान नेताओं की नेतागिरी भी प्रभावित होगी। वह पिछड़े व गरीब मुसलमान नेताओं को सड़क पर उतरने को कहेंगे तो वह पिछली बार तरह उतरने से रहे। सब मुसलमान समान है,इस झूठ की पोल वक्फ की संपत्ति के दुरुपयोग से खुल गई है। अब तो गरीब व पिछड़ा मुसलमान चाहता है कि वक्फ की संपत्ति के सदुपयोग जो उनके लिए करेगा वह उसके साथ खड़े होंगे चाहे वह भाजपा ही क्यों न हो। यही वजह है कि पहली बार मुसलमान महिलाएं,गरीब मुसलमान व पिछड़े मुसलमान सड़क पर मोदी के पक्ष मे पोस्टर लिए हुए दिखाई दिए। यह कट्टरपंथी मुसलमान नेताओं के लिए बहुत बड़ा झटका है। वह समझ गए हैं कि अब वह मुसलमान उनके कहने पर वोट नही देने वाले है।वह अब देश के नेताओं को नहीं डरा सकते कि तुम हमारा कहना नहीं मानोगे तो मुसलमानों को वोट तुमका नहीं मिलेगा। नीतीश व चंद्रबाबू नायडूं को भी डराने का प्रयास किया गया लेकिन वह समझ गए कि इस विधेयक का समर्थन करने पर भी उनको मुसलमानों का वोट मिलेगा। क्योंकि यह विधेयक गरीब,पिछड़े मुसलमानों के हित में है। यह काम तो कांग्रेस व मुसलमाने नेताओं को करना था लेकिन किया भाजपा ने इसलिए इसका लाभ आने वाले समय में भाजपा को राजनीति में मिलेगा। अब जो मुसलमान वोट एकसाथ दलों को मिलता था वह एक साथ नहीं मिलने वाला है, अब वह वोट भाजपा को भी मिलने वाला है।

राम नवमी विशेष

# सभी विकारों की औषधि है मर्यादा पुरुषोत्तम की मर्यादा

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का अवतरण दिवस चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है । जैसी मर्यादा का भगवान श्री राम ने अपने जीवन में अनुपालन किया , वैसा ईश्वर के किसी अन्य अवतार में नहीं देखा गया । यही कारण है कि उन्हें ₹ मर्यादा पुरुषोत्तम ₹ के नाम से जाना गया । जीवन के प्रत्येक कठिन पथ पर चलते हुए भगवान श्री राम ने यही संदेश दिया है कि माता - पिता के वचन कभी टाले नहीं जाने चाहिए । अपने जीवन में उन्होंने प्राणी मात्र के प्रति जो स्नेह रखा वह भी अन्य अवतरणों में नहीं देखा गया । भाइयों के प्रति असीम प्रेम के साथ राज - पाठ को जीवन का आनंदोत्सव न मानने वाले प्रभु श्री राम ने चौदह वर्ष के वनवास को ऐसे स्वीकार किया मानो वह चौदह सेकंड की बात हो । कौशल्या माता के अलावा अपनी अन्य दो माताओं को उनके द्वारा दिया गया सम्मान उनकी आत्मा में समाई उस विचारधारा का सूचक है जो निर्मल मन और निः स्वार्थ परिवार के प्रति समर्पण को दशार्ता है ।प्रभु श्री राम ने बालपन से लेकर राज तिलक तक अपनी नहीं बल्कि परिवार और अपनी प्रजा का ऐसा ख्याल रखा , जो आगे चलकर ₹ रामराज ₹ के रूप में प्रत्येक शासक के लिए एक बड़ा संदेश बन गया ।

आज राम नवमी के पावन पर्व पर हम चिंतन करें तो भगवान श्री राम तथा रामायण से जीवन और मानवीय समाज के उत्थान के लिए बहुत कुछ सीखा जा सकता है । अपना जीवन , सोच - विचार , स्वभाव - व्यवहार आदि में सुधार करने का प्रयास राम चरित मानस के नित्य पठन - पाठन से किया जा सकता है । श्री राम और उनके आदर्शों पर लिखी गई राम चरित मानस में आए प्रेरक आदर्शों , शिक्षा , उपदेशों , मर्यादा पालन तथा जीवन मूल्यों के अंश मात्र को अपने जीवन में स्थान देकर बिखरते - टूटते , भोग - विलास के पाश में जकड़े परिवार को आदर्श के मार्ग पर प्रशस्त किया जा सकता है । वर्तमान में अनेक तरह की समस्याओं , दुःखों, कष्टों , चिंताओं , उलझनों , विवादों में पड़े मानवीय समाज को श्री राम और रामायण की पवित्र विचारधारा बड़ी औषधि के रूप में विकारों से




छुटकारा दिला सकती है । हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि केवल नाम लेने , पूजा - पाठ , आरती और जयकारा लगाने से ही जगत का कल्याण होने वाला नहीं है । हमें प्रभु श्री राम और रामायण के जीवन दर्शन को आचरण एवं व्यवहार में उतारने की प्रबल जरूरत है । हमें यह स्वीकार करना होगा कि आज मनुष्य की कथनी और करनी में जमीन - आसमान का अंतर स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है ! आज मर्यादा पुरुषोत्तम के धार्मिक एवं संस्कारित देश में तेजी के साथ अधार्मिकता , अनैतिकता एवं राक्षसी प्रवृत्ति बढ़ रही है ! हमारे भारतवर्ष का सौभाग्य रहा है कि इस देश में महान ऋषि - मुनि , संत - योगी , तपस्वी - त्यागी और बलिदानी महापुरुषों का जन्म हुआ । इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि महापुरुष ही किसी भी देश की अपार संपदा और विरासत के रूप में स्थापित होते हैं । मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम भारतवंशियों के जन मानस में रोम - रोम और कण - कण में समाए हुए हैं । भारतीय संस्कृति में दशरथ नंदन रामलला की अमिट छाप रही है । सारे अवतारों में प्रभु श्री राम के अवतार को भारतवर्ष का आदर्श जीवन माना जाता है । वे हमारे जन - जीवन में धर्म भावना के प्रतीक रहे हैं । भगवान श्री राम के चरित्र में मयादोचित , मानवोचित और देवोचित गुणों का अथाह भंडार पाया जाता है । यही कारण है कि उन्हें ₹ मर्यादा पुरुषोत्तम ₹ कहा गया । हमारे लिए कितने गौरव एवं अहंकार की बात है कि हमारे प्रभु श्री राम का चरित्र और आदर्श भारतवर्ष की सीमाओं से परे विदेशियों के लिए भी शांति , प्रेरणा और नव जीवन का आधार स्तंभ बनता जा रहा है । भगवान श्री राम के जीवन की महत्ता हमारी सांसों में समाने के बाद सांसों के रुक जाने पर भी बनी रहती है । यही कारण है कि हमारा जीवन समाप्त हो जाने के बाद हमें अग्नि को समर्पित करने के लिए श्मशान ले जाते समय भी श्री राम नाम का उच्चारण ₹ राम नाम सत्य है , सत्य बोलो गत्य है .. के सहारे अगला जन्म संवारने का महामंत्र बन जाता है ! यह कहा जा सकता है कि भारतवर्ष का हिंदू समुदाय जन्म से लेकर मृत्यु तक श्री राम के साथ ही जीता और मरता है ।

आज पर्यंत प्रभु श्री राम जैसा चरित्र नायक दुबारा धरती पर जन्म नहीं ले पाया ! हमारे ग्रंथों के माध्यम से हमें ज्ञात होता है कि महामानव के सभी श्रेष्ठ गुण , धर्म और कर्म प्रभु श्री राम के चरित्र में विद्यमान रहे हैं । वे आदर्श पुत्र के साथी आदर्श भ्राता , आदर्श मित्र ,आदर्श पति , आदर्श शासक और दैवीय गुणों से परिपूर्ण मर्यादा पुरुषोत्तम , महापुरुष के रूप में स्थापित हुए । उनका संपूर्ण जीवन मर्यादा एवं कर्तव्य भावना से ओत - प्रोत रहा । हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रभु श्री राम हम भारतीयों के रोल मॉडल रहे हैं । कई बार मैं यह सोचने लगता हूं कि जब विश्व के लोग प्रभु श्री राम और रामायण के जीवन आदर्शों को पढ़ते या सुनते होंगे तो बड़े आश्चर्य से यह कह उठते होंगे कि क्या ऐसी आदर्श प्रेरक घटनाएं इतिहास में कभी हुई होंगी ? हमें गर्व के साथ उन्हें बताना चाहिए कि श्री राम तथा रामायण भारतवर्ष के गौरवपूर्ण उच्च आदर्शों तथा उत्कर्षकाल के प्रामाणिक हस्ताक्षर रहे हैं ।

हमारा सौभाग्य है कि हमने भारत भूमि में जन्म लिया और युग पुरुष प्रभु श्री राम के आदर्शों व जीवन मूल्यों की परंपराओं के उत्तराधिकारी कहलाने का अधिकार पा सके । आज जरूरत इस बात की है कि हम उनके प्रेरक आदर्श चरित्र से जीवन , परिवार , समाज और राष्ट्र के लिए कोई प्रेरणा , भावना , सुधार , निर्माण और संकल्प से खुद को बांधते हुए अपनी भूलों का परित्याग करने संकल्पित हों । आश्चर्य की बात है कि मर्यादा पुरुषोत्तम के व्यवहार और आचरण का अंश मात्र भी हमारे जीवन का हिस्सा नहीं बन पाया ! प्रभु श्री राम का प्रेरणादायी जीवन - दर्शन और रामायण के उच्चादर्श आज के भौतिकतावादी और भोगवादी जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी और शिक्षाप्रद सिद्ध हो सकते हैं । हमारी भूली - भटकी मानव जाति को सन्मार्ग और प्रेरणा प्राप्त हो सकती है । यदि हम कृत संकल्पित होकर प्रभु श्री राम के आचरण को अंगीकार करने आगे आएं । हमारे लिए प्रभु श्री राम के आदर्श ही प्रकाश स्तंभ बन सकते हैं ।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए ऊजार्वान रहने वाला है। आप किसी नए प्रोजेक्ट की शुरूआत करेंगे, तो इसके लिए आप अच्छा धन लगाएंगे। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइस प्लान कर सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपकी माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को विदेश लेकर जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। आप अपने खानपान पर थोड़ा नियंत्रण बनाए रखें, नहीं तो समस्याएं बढ़ेंगी। आपको सोच समझकर कामों को करना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको संतान की पढ़ाई लिखाई में कोई समस्या आ सकती है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपने यदि किसी नौकरी के लिए अप्लाई किया था, तो उसके लिए वहां से आपको कोई ऑफर आ सकता है। आज आप काम अधिक रहने के कारण शारीरिक थकान महसूस करेंगे। आज किसी यात्रा पर जाएं तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। आज आपके परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से कोई सरप्राइज पार्टी प्लान हो सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों के प्रति सावधान रहना होगा। आर्थिक मामलों में आपको कोई बड़ा जोखिम लेने से बचना होगा। आपको कोई काम जल्दबाजी में नहीं करना है। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दे, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। कार्य क्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आपकी टेंशन बनी रहेगी। आप किसी से धन का लेनदेन सोच समझकर करें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। आपका कोई महत्वपूर्ण काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको धैर्य व साहस से काम लेने की आवश्यकता है। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे। आप अपने कामों को भाग्य के भरोसे ना छोड़े। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि संशय बना हुआ था, तो आप उस काम को बिल्कुल ना करें। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। पारिवारिक जीवन में यदि कुछ समस्याएं चल रही थी, तो वह दूर होगी। आपको धैर्य व साहस से काम लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग अपनी मेहनत में कोई कसर न छोड़ें। आपको किसी नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। जीवनसाथी और आपके बीच किसी बाहरी व्यक्ति के आने के कारण समस्या हो सकती है।

तुला- आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर काम करने के लिए रहेगा। व्यवसाय में आपको कुछ नए अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक रिश्तों में एकता बनी रहेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आप कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आप अपने आर्थिक मामलों को लेकर परेशान रहेंगे। आप अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखें। जीवनसाथी से संबंधों में यदि कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। सिंगल लोगों की अपने प्यार से मुलाकात हो सकती है। आपको कोई लोन अप्लाई करने से बचना होगा, नहीं तो आपको उसे उतारने में समस्या आ सकती है। बॉस आपके कामों के सराहना करेंगे और आपको प्रमोशन आदि भी मिल सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपने यदि किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप आसानी से उतार सकेंगे। आपका डूबा हुआ धन आपको मिलने की संभावना है। आप अपने काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालेंगे। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको अपने परिवार के सदस्यों की समस्याओं को भी दूर करने की कोशिश करनी होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आप अपने शांत स्वभाव से अपनी समस्याओं को भी आसानी से सुलझाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान देना होगा। परिवार में सुख शांति भरा माहौल रहेगा, क्योंकि आप वरिष्ठ सदस्यों की बातों को पूरा महत्व देंगे। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े लोगों को प्रमोशन मिल सकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी उन्नति मिलेगी। आपको अपने दिनचर्या में योग व व्यायाम पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने व्यवसाय के किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं। आपकी यदि कोई डील लटकी हुई थी, तो उसकी पार्टनरशिप में डील फाइनल होने की संभावना है। आप अपनी संतान से किसी किए हुए वादे को पूरा करेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में थोड़ा कमजोर रहने वाला है। आपको चिंताएं भी अधिक रहेंगी, क्योंकि आपके कार्यक्षेत्र में कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें। परिवार के सदस्यों के मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। कोई कानूनी मामला आपके लिए सिर दर्द बन सकता है।

# रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों की साक्षी है अंगभूमि

**(शिव शंकर सिंह पारिजात )**

अंग की भूमि भागलपुर का इतिहास अति प्राचीन है और इसके साथ कई महत्वपूर्ण पौराणिक एवं महाकाव्य-कालीन गाथाएं जुड़ी हुई हैं। बुद्ध-काल से भी पूर्व यह एक समुन्नत राज्य था। यही कारण है कि चीनी यात्री ह्वेन संग ने इसकी राजधानी चम्पा को विश्व के समुन्नत और विकसित नगरों में एक बताया था। पौराणिक काल में देवताओं तथा दानवों के द्वारा किये गये समुद्र-मंथन की घटना इसी भूमि पर हुई थी माना जाता है कि बौंसी में स्थित मंदार पर्वत को मथनी बनाकर ही समुद्र मंथन किया गया था। स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण के समय पुण्य सलिला गंगा यहीं पर सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में आकर जाह्नवी कहलाई थी। कामदेव द्वारा भगवान शिव का ध्यान भंग किये जाने पर क्रोधित शिव के त्रिनेत्र की ज्वाला से यहीं पर आकर कामदेव ने अपना 'अंग' अर्थात शरीर त्यागा था जिसके कारण यह भूमि 'अंग' कहलाई थी। ऐसे तो अंग की प्रसिद्धि महाभारतकालीन योद्धा कर्ण की भूमि के रूप में सदियों से है, किंतु इस तथ्य से बहुत कम लोग परिचित हैं कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की गाथा को महिमामंडित करनेवाले महाकाव्य 'रामायण' के भी कई महत्वपूर्ण प्रसंग अंग से जुड़े हुए हैं।

सदियों से भारतीय जनमानस की धर्म तथा आस्था का प्रतीक बने महर्षि वाल्मीकि रचित 'श्रीमद् रामायण' में अंगभूमि की प्रमुखता से चर्चा है जो त्रेता युग में इस प्राचीन भूमि की महत्ता को दशार्ता है। वाल्मीकि रामायण में वर्णित दृष्टांतों से यह लक्षित होता है कि इस पावन भूमि पर ही श्रीराम के जन्म की पृष्ठभूमि लिखी गई थी। अयोध्या नरेश दशरथ और अंग के राजा रोमपाद न सिर्फ अभिन्न मित्र थे, वरन निकट के संबंधी भी थे। श्रीराम की माता और राजा दशरथ की रानी कौशल्या की बड़ी बहन वर्षिणी का विवाह अंगराज रोमपाद के साथ हुआ था। रोमपाद को राजा दशरथ ने अपनी पुत्री शान्ता को गोद दिया था जो अंग के महान ऋषि श्रृंग्य अर्थात श्रृंगी ऋषि के साथ ब्याही गई थी। इन्हीं ऋषि श्रृंगी के द्वारा सम्पादित अश्वमेध यज्ञ स्वरूप 'पुत्र कामेष्टि यज्ञ' के फल से श्रीराम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ था। पुत्र कामेष्टि यज्ञ हेतु ऋषि श्रृंगी को अयोध्या आमंत्रित करने के लिये स्वयं राजा दशरथ अंग आये थे। अंगभूमि और अयोध्या के उक्त समस्त प्रकरणों का महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण के विभिन्न स्थानों के अलावा 'बालकाण्ड' के नवम सर्ग से लेकर अष्टादश (18 वां) सर्ग में प्रमुखता से वर्णन किया गया है। वाल्मीकि रामायण के अलावा तुलसीदास रचित श्रीरामचरित मानस, आनन्द रामायण और आध्यात्म रामायण में भी इसके उल्लेख मिलते हैं। राम-काव्य संबंधित ग्रंथों में वाल्मीकि रामायण को अत्यधिक प्रमाणिक तथा इतिहास क्रम की दृष्टि से सम्पुष्ट माना जाता है। कारण, वाल्मीकि श्रीराम के समकालीन थे और उन्होंने 'आंखों देखी' विवरणों को अपने ग्रंथ में लिपिबद्ध किया है।वाल्मीकि के आश्रम में ही श्रीराम के पुत्र लव और कुश का जन्म हुआ था।

वाल्मीकि रामायण में अंग के प्रसंगों की चर्चा करें तो इसमें अंगदेश के राजा रोमपाद को एक बड़ा ही प्रतापी और बलवान बताया गया है -'एतस्मिन्नेव काले तु रोमपादः प्रतापवान/ अंगेषु प्रथितो राजा भविष्यति महाबलः'। राजा दशरथ और राजा रोमपाद तथा शान्ता के संबंध में उल्लिखित है कि राजा दशरथ की अंगराज के साथ मित्रता होगी और दशरथ को शान्ता नाम की एक परम सौभाग्यशालिनी कन्या होगी -'अंगराजेन सख्यं च तस्य राज्ञो भविष्यति।/कन्या चास्य महाभागा शान्ता नाम भविष्यति।।' रामायण में यह भी वर्णित है कि अंगराज रोमपाद के यहां पली-बढ़ी दशरथ की पुत्री शान्ता का विवाह अंग के ऋषि श्रृंगी से हुआ था । दशरथ के मंत्री सुमन्त्र राजा दशरथ को अश्वमेध यज्ञ के बारे में बताते हुए उनसे कहते हैं कि इस तरह श्रृष्य श्रृंग उनके (दशरथ के) जमाता होते हैं 'श्रृष्यश्रृंगस्तु जामाता पुत्रांस्तव विधास्यति।' वाल्मीकि रचित श्रीमद् रामायण के अष्टम एवं नवम सर्गों में वर्णित है कि राजा दशरथ सभी धर्मों के ज्ञाता व प्रभावशाली होते हुए भी वंश चलाने के लिये कोई संतान नहीं होने के कारण सदा चिंतित रहते थे। उन्होंने अंततः पुत्र प्राप्ति हेतु अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान करने की ठानी जिसके संबंध में राजा के पुरोहितों एवं मंत्री सुमन्त्र ने बताया कि इस हेतु 'पुत्र कामेष्टि यज्ञ' सम्पादन में अंग के सघन वन में निवास करने वाले ऋषि श्रृंगी के अलावा कोई सक्षम नहीं है। वे ही आपके लिये पुत्रों को सुलभ करने वाले यज्ञकर्म का सम्पादन करेंगे। 'श्रृष्यश्रृंगस्तु जामाता पुत्रांस्तव विधास्यति'। तत्पश्चात सुमन्त्र के वचन से हर्षित होकर राजा दशरथ मुनिवर वशिष्ठ को उक्त बातें बताते हैं और उनकी आज्ञा लेकर रनिवास की रानियों तथा मंत्रियों के साथ अंगदेश के लिये प्रस्थान करते हैं जहां विप्रवर श्रृंग निवास करते थे। 'सुमन्त्रस्य वचा श्रुत्वा हृष्टो दशरथो२भवत।/अनुमान्य वसिष्ठं च सूतवाक्यं निशाम्य च।।/अभिचक्राम तं देशं यत्र वै मुनिपुंगवः।।' इसके उपरांत पुत्र-प्राप्ति की कामना लेकर 'पुत्र कामेष्टि यज्ञ' सम्पादित करने के लिये ऋषि श्रृंगी को आमंत्रित करने हेतु राजा दशरथ स्वयं अंग आये थे तथा 7-8 दिनों तक राजा रोमपाद के यहां ठहरे थे जहां उनका भरपूर अतिथि-सत्कार किया गया था - एवं सुसत्कृतस्तेन सहोषित्वा नरर्षभः।/सप्ताष्टदिवसान राजा राजानमिदमब्रवीत।। 'आनन्द रामायण' में वर्णित है कि श्रीराम ने अंगभूमि भागलपुर के सुल्तानगंज अजगैबीनाथ धाम में प्रवाहित होनेवाली उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल अपने कांवर में लेकर इसे देवघर स्थित वैद्यनाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग पर अर्पित किया था।

राम नवमी विशेष

# राम से बड़ा राम का नाम

**डॉ नीलम महेंद्र**



वो त्रेता युग का समय थाजब सूर्यवंशी महाराज दशरथ के घर कौशलनन्दन श्री राम का जन्म हुआ था। समय कहाँ रुकता है भला !तो वह अपनी गति से चलता रहा। आज हम द्वापर से होते हुए कलियुग में आ गए हैं। लेकिनइतने सहस्त्रों वर्षों के बाद भी, इतने युगों के पश्चात भीप्रभु श्री राम का चरित्र देश देशांतर की सीमाओं से परे, वर्षों और युगों के कालचक्र को लांघकर अनवरत सम्पूर्ण विश्वको आकर्षित करता रहा है।

हरे रामा, हरे कृष्णा का जाप आज वैश्विक स्तर पर एक अनूठी आध्यात्मिक सन्तुष्टि,परम् आनन्द की अनुभूति एवं मनुष्य को एक अलग हीआनन्दमय लोक में पहुँच जाने का अनुभव दिलाने वाला सर्व स्वीकार्य मंत्र बन चुकाहै। दरअसल श्री राम का चरित्रही ऐसा है। एक आदर्श पुत्र हो या एक आदर्श भ्राता (भाई), एक आदर्श पति हो या एक आदर्श राजा, एक आदर्श मित्र हो या फिर एक आदर्श शत्रु ! राम मयार्दाओंमें रहने वाले,पुरुषों में उत्तम,ऐसे मयार्दा पुरूषोत्तम हैं जिनका जीवन कठिनाइयोंएवं संघर्षो से भरा रहा किंतु फिर भी मानव रूप में उन्होंने मुस्कुराते हुए सहजरूप से धर्म की राह पर चलते हुए इस प्रकार अपना जीवन व्यतीत किया कि इतने वर्षोंबाद आज भी वह हमारा पथप्रदर्शक है। कहना अतिश्योक्ति नहींहोगी कि प्रभु श्री राम का चरित्र हमारा वो सनातन इतिहास है जो इतने वर्षों बाद भीसम्पूर्ण विश्व की मानवता को वर्तमान तथा भविष्य की राह दिखा रहा है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण हैकि आज की 21 वीं सदी में भी जब आदर्शप्रशासन की बात की जाती है तो भारत ही नहीं विश्व भर में रामराज्य ही उसका प्रतिमान होताहै। यही कारण है कि हम यहकामना करते हैं कि, नगरी हो अयोध्या सी,रघुकुल से घराना हो, चरण हों राघव के जहां मेरा ठिकाना हो। कहते हैं कि जब लंका जानेके लिए श्री राम की वानर सेना समुद्र के ऊपर पुल का निर्माण कर रही थी और वानर समुद्रमें पत्थर फेंक रहे थे, तो प्रभु श्री राम नेदेखा कि वानर समुद्र में पत्थर पर राम नाम लिखकर फेंक रहे हैं और पत्थर तैर रहे हैं।उन्होंने सोचा कि जब मेरा नाम लिखा पत्थर तैर रहा है तो यदि मैं कोई पत्थर फेंकूँतो वो भी तैरेगा। यही सोचकर उन्होंने एक पत्थर उठाया और समुद्र में फेंका। लेकिनवो पत्थर डूब गया। वे आश्चर्य में पड़कर सोचने लगे कि ऐसा क्यों हुआ। दूर खड़ेहनुमानजी यह सब देख रहे थे। कौतूहल वशश्री राम ने हनुमानजी से पूछा कि मेरे नाम के पत्थर समुद्र में तैर रहे हैं लेकिनजब मैंने वह पत्थर फेंका तो डूब गया ? तब हनुमानजी बोले,प्रभु आपके नाम को धारण करके तो सभी



अपने जीवनको पार लगा सकेते हैं, लेकिन जिसे आप स्वयंत्याग दें, भला उसे डूबने से कोईकैसे बचा सकता है ! इसीलिए कहा गया है कि रामसे बड़ा राम का नाम। यह राम नाम की महिमा ही है कि प्रभु श्री राम के चरित्र परसुनियोजित तरीके से अनेक आक्षेप लगाने के प्रयत्न किए गए लेकिन इसके बावजूद उनकेप्रति भक्ति,श्रद्धा, प्रेम और समर्पण के भाव भौगोलिक समेत हर सीमाको लाँघते हुए वैश्विक स्तर पर मानव हृदय में समाहित होते चले गए।

सनातन विरोधियों द्वाराउन्हें मांस भक्षी बताया गया, उनपर अनैतिक रूप से वालीवध का आरोप लगाया गया, एक शूद्र शम्बूक के वध काआक्षेप लगाया गया, यहाँ तक कि उनके द्वारासीता माता का परित्याग करना भी बताया गया। जबकि सत्य तो यह हैकि न तो कभी श्री राम और न ही किसीरघुवंशी ने कभी मांस का सेवन किया था, न उन्होंने वाली का वध अधर्मपूर्वक किया था, न उन्होंने किसी शम्बूक नामक शुद्र का वध किया था और न हीकभी सीता का परित्याग ही किया था। इस विषय को रामा ५२ राम पुस्तक में विस्तार से देखा जा सकता है। वाल्मीकि रामायण जिसेसबसे प्राचीन एवं सबसे प्रमाणिक ग्रँथ माना जाता है और न ही तुलसीदास जी कृतरामचरित मानस में शम्बूक वध अथवा सीता परित्याग का कोई वर्णन है। बल्कि इनमें रामचरित्र का वर्णन ऐसा है कि राम जब पुत्र होते हैं तो अतुलनीय होते हैं और ये दशरथनन्दन अपने माता पिता के प्राण होते हैं। जब शिष्य होते हैं तो बालक राम अपनेगुरुओं का अभिमान होते हैं। जब भाई होते हैं तो भ्राता राम प्रेम और त्याग की मूरतहोते हैं। जब पति होते हैं एक पत्नी व्रत धारण करने वाले अपनी पत्नी को समर्पित एकआदर्श पति सियावर राम होते हैं। और जब वे राजा होते हैं तो राजा राम युगों युगों तक जिसकी कोई समानता न कर पाए उस रामराज्य कीस्थापना करते हैं। जब वे शस्त्र उठाते हैंतो धर्म की स्थापना के लिए और अपने क्षत्रिय धर्म का पालन करने के लिए उठाते हैं नकि अपने राज्य की सीमाओं के विस्तार करने के लिए। जब वे किष्किंधा के राजा वाली कावध करते हैं तो अधर्म का नाश करके धर्म की स्थापना करने के लिए करते हैं औरकिष्किंधा के राज्य पर सुग्रीव का राज्याभिषेक कर देते हैं। जब रावण का वध करतेहैं तब भी धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के लिए शस्त्र उठाते हैं और विजय केउपरांत लँका के राजसिंहासन पर विभीषण का राज्याभिषेक कर देते हैं।

प्रभु श्री राम के चरित्रकी उदारता देखिए कि जब राम और रावण युद्ध हो रहा था, तो लंकाधिपति रावण के सामने अपनी पत्नी के स्वाभिमान कीरक्षा के लिए एक वनवासी खड़ा था। एक ओर जहां रावण रक्षा कवच और सारथी और आयुधों सेयुक्त रथ पर सवार था, वहीं राम बिना रथ,बिना कवच और बिना जूतों के धरती और खड़े हो करयुद्ध लड़ रहे थे। ऐसे में विभीषण चिंतित होकर श्री राम से कहते हैं कि इस स्थितिमें रावण पर विजय कैसे प्राप्त होगी? तब प्रभु श्री राम की महानता देखिए, वे कहते हैं,

सौरज धीरज तेहि रथ चाका।
सत्य सील दृढ़ ध्वजापताका।।
बल बिबेक दम परहित घोरे।
छमा कृपा समता रजु जोरे।।
ईस भजनु सारथी सुजाना।
बिरति चर्म संतोषकृपाना।।
दान परसु बुधि सक्तिप्रचंडा।
बर बिज्ञान कठिन कोदंडा।।
अमल अचल मन त्रोन समाना।
सम जम नियम सिलीमुखनाना।।
कवच अभेद बिप्र गुर पूजा।
एहि सम बिजय उपाय नदूजा।।
सखा धर्ममय अस रथ जाकें।
जीतन कहँ न कतहुँ रिपुताकें।।

अर्थात वे विभीषण से कहतेहैं कि जिस रथ से विजय होती है, वो रथ दूसरा ही है। शौर्यऔर धैर्य उस रथ के पहिए हैं। सत्य और शील उसकी मजबूत ध्वज और पताका हैं। बल,विवेक, दम (इंद्रियों का वश में होना) और परोपकार, ये चार उसके घोड़े हैं जो क्षमा, दया और समता रूपी डोरी से रथ में जोड़े हुए हैं। ईश्वर काभजन ही उस रथ को चलाने वाला चतुर सारथी है। वैराग्य ढाल है और संतोष तलवार है। दानफरसा है, बुद्धि प्रचंड शक्ति है,श्रेष्ठ विज्ञान कठिन धनुष है। निर्मल पाप रहितऔर स्थिर मन तरकस के समान हैं। शम ( मन का वश में होना),यम (अहिंसा), नियम (शौच आदि), ये बहुत से बाण हैं।ब्राह्मणों और गुरु का पूजन अभेद्य कवच है। इसके समान विजय का दूसरा कोई उपाय नहींहै। ऐसा धर्ममय रथ जिसके पास हो,उसके लिए जीतने को कहींशत्रु ही नहीं है।

आज के समय में जबभृष्टाचार, स्वार्थ परायणता, अनैतिकता, द्वेष जैसे विकार हमारे समाज में हावी हैं, प्रभु श्री राम के द्वारा बताए गए ये गुण हमेंमानवता को बचाने की निश्चित राह दिखाते हैं। वो राह जिस पर चलकर वे रावण जैसेशक्तिशाली असुर से युद्ध जीते। उस राह पर भारत सदा सेचलता है और विश्व को भी राह दिखाता रहा है। यही भारत की आध्यात्मिक शक्ति है ! यहीभारत की संस्कृति है !! यही भारत का गौरवशाली सनातन इतिहास है !!! आज भारत के सर्वोच्चन्यायालय के आदेश से निर्मित भव्य रामलला का मंदिर हमारे उसी सनातन इतिहास कागौरवशाली प्रतीक बन गया है।

## एक नजर

### लाखों रुपये की कालातीत दवाईयों को किया गया नष्ट





**सुकमा, 05 अप्रैल।** जिला अस्पताल में दवाइयों की भारी कमी है, जबकि इन एक्सपायर दवाइयों का नष्ट किया जाना सरकारी खजाने के लिए एक बड़ा नुकसान है। क्या इसे ऐसे ही छोड़ दिया जाएगा या फिर इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। यह एक गंभीर सवाल है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

### जल जीवन मिशनः जल संरक्षण पर की गई चर्चा, दिलाई गई शपथ

**कांकेर, 05 अप्रैल।** कांकेर जिले के ग्राम मरमाकोनाड़ी, बेलोड़ा, काकबरस में जलजीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत जन जल जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को जल संरक्षण, जल प्रबंधन और स्वच्छ पेयजल की महत्ता से जागरूक करना है। जिला समन्वयक ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में जल संरक्षण का महत्व, पानी की बर्बादी रोकने और सतत जल आपूर्ति बनाए रखने, वर्षा जल संचयन अंतर्गत बारिश के पानी को संचित करने के लिए गांव में छोटे जलाशय, तालाब और छत जल संचयन तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। जल गुणवत्ता की निगरानी के तहत हर घर में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के लिए नियमित जल परीक्षण और जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया गया। ग्राम के सरपंच ने जल संरक्षण को प्राथमिकता देने और गांव के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। साथ ही, लोगों ने जल प्रबंधन से जुड़े अपने विचार और अनुभव भी साझा किया तथा जिला समन्वयक ने ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन का समय परिवर्तित

**कांकेर, 05 अप्रैल।** लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के परिपालन में प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जिले की सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सोमवार से शनिवार तक एक पाली में संचालित समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी शालाएं प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक संचालित की जाएंगी। वहीं दो पॉलियों में संचालन होने वाली प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाएं प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक तथा हाई-हायर सेकेण्डरी शालाएं प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक संचालित की जाएंगी।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आत्मीय स्वागत



**दंतेवाड़ा, 05 अप्रैल।** केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा जिले में आयोजित बस्तर पंडुम कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुँचे । दंतेवाड़ा के पुलिस लाइन कारली में स्थित हेलीपैड आगमन के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा पहुँचे । स्वागत के लिए उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम और वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर श्री किरण देव, विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम अटामी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित डीजीपी अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज पिंगुआ, कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

# दंतेवाड़ा का वन मंदिर अनोखा और अद्भुत : जामवाल





- क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, वन मंत्री एवं अन्य नेताओं ने दंतेवाड़ा पहुँच किया वन मंदिर का अवलोकन
- दंतेश्वरी माता के दर्शन कर मांगा शांति और खुशहाली का आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 5 अप्रैल।** भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का आज बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा में आगमन हुआ, दंतेवाड़ा आगमन पर उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, वन एवं प्रभारी मंत्री दंतेवाड़ा केदार कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि, मनीष सुराना ने पुष्पगुच्छ भेंड़ कर स्वागत किया तत्पश्चात वे कार्यकर्ताओ के साथ माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे, देवी दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं टेकनार रोड में स्थित वन मंदिर का नेताओ ने अवलोकन भी किया.

वन मंदिर में प्रवेश करते ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने वन मंदिर का जमकर तारीफ किया. श्री जामवाल ने कहा वन मंदिर वास्तव में एक अनोखा मंदिर है. वे वन मंदिर में प्रकृति और संस्कृति के अनोखे संगम को देखकर खुश हो गए.

जामवाल ने सबसे पहले आरोग्य वन का निरीक्षण किया उन्होंने कहा यहां बच्चे, जवान और बूढ़े सभी के सीखने के लिए बहुत कुछ है. बहुत सारी ऐसी जानकारियां यहां स्पस्ट शब्दों और तस्वीरों के जरिए दिखाई गई है जिसे आसानी से समझा और समझाया जा सकता है. उन्होंने कहा जो रोजाना यहां आएगा वो अपने आप स्वस्थ और संस्कृति का जानकार हो जाएगा. उन्होंने कहा आरोग्य वन से हमने भी आज बहुत कुछ सीखा है. वहीं आरोग्य वन के बाद वन मंदिर में स्थित पंचवटी का निरीक्षण करते अजय जामवाल और पवन साय ने कहा वास्तव में प्रकृति और संस्कृति का ऐसा संगम वो भी मां दंतेश्वरी के गोद में सभी के देखने और समझने योग्य है. उन्होंने कहा पंचवटी में श्री राम का चित्रण और पांच वट पेड़ो का संगम वास्तव में मन को सुकून देने वाला है. श्री जामवाल ने कहा यहां पूरा घूमना है तो मुझे एक दिन अलग से दंतेवाड़ा में रुकना होगा. जिससे यहां से और बहुत कुछ देख और समझ सकूं. श्री जामवाल ने कहा वन मंदिर का पूरा एक चक्कर लगाने के बाद कोई और एक्सरसाइज करने की जरूरत ही नहीं है। अभी नेताओं, मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने वन मंदिर के सभी पहलुओं का जमकर तारीफ किया. इस दौरान भाजपा के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जसगीत आयोजन...**



जगदलपुर। पतंजलि योग समिति एवं सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में आयोजित जस गीत एवं भजन संध्या में शामिल हुए महापौर संजय पाण्डे, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी मेंबर लक्ष्मण झा, पंकज आचार्य आदि।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्राक्रयन परीक्षा 20 अप्रैल को

**सुकमा, 05 अप्रैल।** प्रयास बालक व कन्या आवासीय विद्यालयों के लिए सत्र 2025-26 की कक्षा 9वी में प्राक्रयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट पर क्लिक करके डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा 20 अप्रैल 2025 रविवार को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में समय दोपहर 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अभ्यार्थी विभागीय वेबसाईट वेबसाईट www.eklavya.cg.gov.in से परीक्षा केंद्र, रोल नंबर की जानकारी के साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केंद्र में शामिल हो सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

# सांसद का जगदलपुर आगमन पर भव्य स्वागत

- जगदलपुर एयरपोर्ट में समर्थकों ने बस्तर सांसद को वक्फ संसोधन बिल पास होने पर दी बधाई
- कट्टरपंथियों के मुंह पर यह जोर का तमाचा हैः- महेश कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 05 अप्रैल।** लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास होने पर बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप के जगदलपुर पहुँचने पर उनके समर्थकों सहित क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत किया। आपको बता दे कि वक्फ संसोधन बिल पास होने के दौरान बस्तर सांसद भी लोकसभा सदन में मौजूद थे। इस दौरान इस बिल के समर्थन में उन्होंने भी अपना समर्थन दिया था। बिल पास होने के बाद से ही पूरे देश सहित बस्तर में प्रसन्नता का माहौल था।

लोकसभा - राज्यसभा में बिल पास होने के बाद दिल्ली से जगदलपुर प्रथम आगमन पर बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप का जगदलपुर विमानतल पर भव्य स्वागत किया गया है। इस दौरान मौजूद लोगों ने देश के प्रधानमंत्री सहित उनका इस अहम बिल हेतु आभार ज्ञापित किया। मौजूद क्षेत्रवासियों ने इस बिल के पक्ष में वोटिंग करने वाले सांसदों का शुक्रिया अदा किया। केंद्र सरकार को मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने बुराई के खात्मे के लिए अच्छा कदम उठाया है। इस बिल से गरीब मुसलमानों को फायदा होगा। उनके आर्थिक सुधार में क्रांति आएगी।

**पीएम मोदी को बधाईः महेश कश्यप**-बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते हैं वो करते हैं। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का जो नारा दिया था, उसी नारे के तहत काम कर रहे हैं। बस्तर सांसद ने कहा कि पीएम मोदी ने ये कानून लाकर सिद्ध कर दिया है कि वक्फ के नाम पर जो अवैध कब्जे किए गए हैं उन्हें हटाया जाएगा। कट्टरपंथियों के मुंह पर यह जोर का तमाचा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देशभर के सभी समाजों की मांग पर यह संशोधन किया है। कांग्रेस द्वारा मुस्लिम तुष्टीकरण करने के लिए गलत तरीके से बनाए गए वक्फ बोर्ड से देश भर में अवैध कब्जे हो रहे थे, जिससे विवादों की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। वक्फ बोर्ड की आड़ में माफिया लगातार जमीनों पर कब्जे कर रहे थे। वक्फ बोर्ड से मुस्लिम समाज के गरीबों को कोई भी लाभ नहीं हो रहा था। केवल माफिया इसका फायदा उठा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अधिनियम में संशोधन कर संविधान के दायरे में लाने का सराहनीय कार्य किया है।

# पीएम आवास हितग्राही समीर विश्वास से मिले राज्यपाल

- राज्यपाल को पहली बार अपने बीच पाकर अभिभूत हुए ग्रामीण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 05 अप्रैल।** राज्यपाल श्री रमेन डेका अपने एक दिवसीय प्रवास पर सुकमा पहुंचे। श्री डेका ने आज नगर पालिका परिषद सुकमा के सुभाषचंद्र बोस वार्ड, दंतेवाड़ा रोड में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभान्वित परिवार के उनके घर पहुंचकर भेंट की। इस दौरान उन्होंने उनके बच्चों से भी उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह पहला अवसर है जब छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल सुकमा जिले के दौरे में आए हैं। उन्हें देखकर ग्रामीणों में प्रसन्नता व्याप्त हो गई।

राज्यपाल श्री डेका ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही श्री समीर विश्वास के घर पहुँचकर उनसे बातचीत की और शासन से मिलने वाली हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी ली। समीर विश्वास ने राज्यपाल श्री डेका को बताया कि हम लोग बहुत मेहनत करके अपने घर को बनाये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से ही हमारे घर बनाने का सपना साकार हुआ है। अगर शासन के द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाता तो मैं नए घर बनाने के बारे में सोच भी नहीं पाता। नए घर बन जाने से हम लोग बहुत खुश हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, एसपी श्री किरण चव्हाण, जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगाराम मरकाम, श्रीमती माड़े बारसे, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, श्री नूपुर वैदिक, श्री विश्वराज सिंह चौहान, नगर पालिका अधिकारी श्री पीआर कोर्राम तथा अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का सम्मान समारोह

**सुकमा, 05 अप्रैल।** ग्राम पंचायत पोन्दुम में मे नवनिर्वाचित सरपंच, उप संरपच और पंचों का सम्मान समारोह पार्टी के वरिष्ठ का. मासा मरकाम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सम्मान समारोह में पंहुचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, सीपीआई जिला सचिव व बस्तरिया राज मोर्चा प्रभारी रामा सोड़ी, ब्लाक सचिव का. गंगाराम नाग पहुंचकर नव निर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किये। इस सम्मान समारोह में पंचायत के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सफल बनाए।

# लघु वनोपज प्रबंधकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

- 10 से 15 अप्रैल के बीच बस्तर में तेंदूपत्ता संग्रहण की होनी है शुरुवात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



- तेंदूपत्ता से 13 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्रहणकर्ता परिवार को मिलता है अरबों का फायदा
- वन कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ फड़मुंशी संघ का भी प्रबंधकों को समर्थन

**दंतेवाड़ा, 5 अप्रैल।** 37 वर्षों से नियमितीकरण की आश देख रहे प्रदेश के 902 लघु वनोपज संघ के प्रबंधकों ने अपनी एक सूत्रीय नियमितीकरण की मांग को लेकर आज 5 अप्रैल से अनिश्चतकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। बता दें कि आज ही केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भी एक दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने दंतेवाड़ा पहुंच रहे हैं। ऐसे में लघु वनोपज प्रबंधकों की हड़ताल का आज क्या खास असर होता है यह भी देखना होगा। वहीं मोदी की गारेंटी में शामिल अपनी 25000.00 वार्षिक की मांग पूर्ण न होने से फड़ मुंशी संघ ने भी प्रबंधकों का साथ देते हुवे हड़ताल का समर्थन किया है. तेंदूपत्ता शाखकर्तन के समय से ही वन कर्मचारी संघ ने राज्य लघु वनोपज संघ के समस्त कार्यों का पूर्व में ही बहिष्कार करने का निर्णय किया है. जिससे सरकार और राज्य लघु वनोपज संघ की मुश्किल बढ़ती नजर आ रही है. दंतेवाड़ा प्रबंधक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश कवासी ने कहा कि ये प्रबंधक संघ की अंतिम लड़ाई है. लगातार 37 वर्षों से सुदूर अंचल में काम कर रहे प्रबंधक अब रिटायरमेंट के कगार में पहुंच गए हैं. 902 प्रबंधकों में आधे से ज्यादा प्रबंधकों की आयु 62 वर्ष पूर्ण होने के चलते वे रिटायर हो गए हैं. 37 वर्षों के लंबे कार्यकाल के दौरान बहुत सारे प्रबंधकों का देहांत होने से उनके परिवार रोजी-रोटी की समस्या से जूझ रहे है. श्री लहरे ने कहा संघ और सरकारों द्वारा सिर्फ और सिर्फ प्रबंधकों का शोषण किया जा रहा है. जिलाध्यक्ष ने कहा शासन और राज्य लघूवनोपज संघ द्वारा प्रबंधकों के लिए अनुकम्पा नियुक्ति, पेंसन, मेडिकल, खाता में भुगतान सहित किसी भी कार्य को आज तक लागू नहीं किया गया है. जिससे प्रबंधकों में भारी रोष है. नियम बने भी है तो सिर्फ रिटायर करने के, दंड देने के और शोषण करने के. राकेश ने कहा विगत वर्ष 2024 में भी प्रबंधकों ने नियमितीकरण के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल किया था. किन्तु वन मंत्री से मिले आश्वाशन और 13 लाख 50 हजार लघु वनोपज संग्रहनकर्ता परिवारों के नुकसान को देखकर प्रबंधक संघ ने हड़ताल वापस लेने का फैसला किया था. हड़ताल वापस लेने के 1 वर्ष बीतने के बाद भी राज्य लघु वनोपज संघ और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रबंधकों के नियमितीकरण के विषय में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. साथ ही राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंधकों के मांग पर विचार करने कमेटी बनाए जाने और कमेटी की हर माह बैठक रखने संबंधी झूठे वाले से नाराज प्रबंधकों ने अंततः हड़ताल में जाने की घोषणा की है.। श्री कवासी ने बताया कि 1 अप्रैल को राज्य लघु वनोपज संघ के बुलावे पर छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ के अध्यक्ष, प्रबंधक यशवंत राठौर और सन्नी साहू ने राज्य संघ के अधिकारियों के समक्ष अपने मांगो को रक्खा. जिस पर राज्य संघ के अधिकारियों ने सभी 8 विषयों पर घुमाने वाले जवाब दिए. जिससे बैठक पूर्णतः बेनतीजा निकला. छत्तीसगढ़ में कुल 6 वृत्त एवं 31 जिला यूनियन है. जहां 902 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण, 67 प्रकार के लघु वनोपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दर में संग्रहण, बीमा योजनाएं, बच्चो के लिए छात्रवत्ति योजनाएं, कोसा संग्रहण, तेंदूपत्ता बोनस वितरण, चरण पादुका वितरण संबंधित अन्य जनकल्याकारी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रबंधकों द्वारा विगत 37 वर्षों से किया जा रहा है. वर्ष 2024 में तेंदूपत्ता संग्रहण का 13 लाख 50 हजार परिवार को प्रबंधकों के माध्यम से सीधे ग्रामीणों के खाता में 855.67 करोड़ का भुगतान किया गया था.

## पोषण भी, पढ़ाई भी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**सुकमा, 05 अप्रैल।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार के निर्देशन और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए पोषण भी पढ़ाई भी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो चरणों में 28 मार्च से 2 अप्रैल के बीच साहू समाज सामुदायिक भवन सुकमा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रथम दिवस में प्रारंभिक बाल शिक्षा के महत्व, बाल



विकास के आयाम और उनके उद्दीपन हेतु आवश्यक शिक्षण अधिगम सामग्री की जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस पोषण पर केंद्रित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई जिसमें कुपोषण की अवधारणा, प्रकार, सही पोषण, विकास निगरानी, पोषण ट्रेकर एप और बच्चों के पोषण में माता पिता और समुदाय की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। अंतिम दिवस में दिव्यांगता और उसके प्रकार, समावेशी शिक्षा, गृह भेंट के साथ साथ भारत के अलग-अलग राज्यों में इस क्षेत्र में चल रहे अनुकरणीय उदाहरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस प्रशिक्षण में परियोजना सुकमा के सभी पर्यवेक्षक के अलावा श्री मोहन कोड़ी जिला समन्वयक विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी तथा श्री सूरज जी क्लस्टर कोआर्डिनेटर आरो फाउण्डेशन का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## विधायक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किया नेशनल हाईवे पर चक्का जाम



**चारामा, 05 अप्रैल।** शुक्रवार 4 अप्रैल को जनपद पंचायत चारामा में स्थायी समिति के तहत कृषि सभापति का चुनाव जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया था जिसमें कांग्रेस पार्टी के जनपद सदस्य को 08 वोट एवं उसके प्रतिद्वंदी भाजपा के जनपद सदस्य को 07 वोट मिले वही 02 वोट को निरस्त घोषित किया गया। इस प्रकार रमशिला मंडावी को स्पष्ट बहुमत हासिल हो गया जिसके बावजुद भी अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा रमशिला मंडावी को विजयी घोषित नही किये से नाराज होकर कांग्रेस पार्टी के विधायक सावित्री मंडावी अपने पार्टी के सभी जनपद सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सभाकक्ष के सामने धरना प्रदर्शन करने लगें। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नही मिलने के बाद शाम को लगभग 7 बजे सभी कांग्रेसी इकठ्ठे होकर नगर के कोरर चैक स्थित नेशनल हाईवे पर धरना प्रदर्शन करते हुए एवं नारेबाजी करते हुए एसडीएम को बुलाने लगे और पूरे सड़क को घेरकर बैठ गये जिससे चक्का जाम की स्थिति निर्मित हो गई। नेशनल हाईवे पर अचानक हुए इस चक्का जाम के कारण उस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा वही हाईवे पर दोनो ओर गाडियों की लंबी लाईने लग गयी। चक्का जाम हो जाने के बाद एसडीएम ने धरना स्थल पर आकर प्रदर्शन कर रहे लोगो से बातचीत कर उन्हें रमशिला मंडावी को विजयी घोषित करते हुए धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम समाप्त करने की बात कहीं जिसके बाद नेशनल धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ और करीब आधे घंटे से बंद नेशनल हाईवे पर आवागमन पुनः बहाल हो गया।

- जनपद पंचायत कृषि सभापति के चुनाव में हुआ विवाद

## विधायक लखेश्वर बघेल गिरोला माता हिंगलाजिन की आरती में सम्मिलित हुए

**जगदलपुर, 05 अप्रैल।** बघेल माता हिंगलाजिन का आशीर्वाद लिया और उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल बाली मेला में शामिल होकर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर परंपरागत कार्यक्रमों का आनंद लिया और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सराहा। बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल अपने कार्यकर्ता के सुपुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए और नवविवाहित दंपति को आशीर्वाद प्रदान कर सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मौजूद रहे विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, बुदरू बघेल, ईश्वर गागड़ा, तुलसी राम ठाकुर,मजहर खान,राजेश कुमार, खेमराज, एवं समस्त कार्यकर्तागण ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## ग्रामीणों से भरा पिकअप पलटा, 30 ग्रामीण घायल




**दंतेवाड़ा 5 अप्रैल।** ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन पलट गई। मामला कुआकोंडा थाना क्षेत्र का है। हादसे में 30 ग्रामीणों के घायल होने की खबर है, वहीं 6 लोगों की हालत गंभीर है। घायल ग्रामीणों को जिला अस्पताल लाया गया है। बताया जा रहा है कि ये सभी ग्रामीण दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावती इलाके पोटली के रहने वाले हैं। हाई स्कूल मैदान में आज बस्तर पंडुम का कार्यक्रम है और इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शिरकत करने पहुंच रहे हैं। शाह के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इन सभी ग्रामीणों को पिकअप के माध्यम से दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय लाया जा रहा था। इसी बीच पालनार के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 30 लोग घायल हो गए।

## केंद्रीय मंत्री शाह और साय का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत

**जगदलपुर, 05 अप्रैल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बस्तर प्रवास पर शनिवार को मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर आगमन के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।



इस मौके पर पूर्व सांसद दिनेश कश्यप तथा क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26